RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

12 वर्ष

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, शनिवार ●22 जून, 2024 वर्षः-12 अंक-55 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

# नीट काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का फिर इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर एक बार इनकार कर दिया है। शुक्रवार को एक स्टूडेंट ने याचिका लगाई। उसका कहना था कि 773 कैंडीडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं। पूरी परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई जाए। 8 जुलाई को केस पर सुनवाई होनी है ऐसे में 6 जुलाई से शुरू हो रही काउंसलिंग भी 2 दिनों आगे बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

हालांकि, रीएग्जाम की मांग पर एनटीए से 2 हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है। नीट मामले पर

**कहा-**

**काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी, कैंडीडेट्स के पास मॉडिफिकेशन का ऑप्शन रहेगा**

सुप्रीम कोर्ट में 20 जून को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और और जस्टिस संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से




इनकार कर दिया था। बेंच ने केस में सीबीआई जांच की मांग को खारिज किया और कहा था कि सभी पक्षों को सुने बगैर हम सीबीआई जांच का आदेश नहीं दे सकते। 20 जून को हुई सुनवाई में मेघालय के कैंडीडेट्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर नीट एग्जाम कैंसिल हुआ तो काउंसलिंग भी रद्द हो जाएगी। इस याचिका में स्टूडेंट्स ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडीडेट्स में उन्हें भी शामिल करने की मांग की। उनका कहना था कि सेंटर में उनके भी 45 मिनट खराब हुए थे। ऐसे में उन्हें भी ग्रेस मार्क्स मिलने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-पाक में सीधी बातचीत हो, हमारे लिए दोनों अहम

= अमेरिका ने कहा, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रिश्ते सुधरने की उम्मीद जताई थी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने कहा है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच 'सीधी बातचीत' चाहता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि हम चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का स्कोप, पेस और कैरेक्टर उनकी ही शर्तों पर हो, हमारे हिसाब से नहीं। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका दोनों



देशों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। एक अन्य सवाल के जवाब में मैथ्यू मिलर ने कहा कि क्षेत्रीय खतरे से निपटने के लिए अमेरिका और पाकिस्तान दोनों का एक साझा लक्ष्य है। मैथ्यू मिलर ने कहा, हम सिक्योरिटी के मुद्दे पर एक हाई लेवल काउंटरटेररिज्म डायलॉग के जरिए पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं। हम आंतकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से बातचीत करते आ रहे हैं। इसके जरिए हम क्षेत्रीय सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा करना जारी रखेंगे। हाल के कुछ महीनों में ऐसे संकेत मिले हैं जिसमें पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार संबंध बहाल करने की इच्छा जताई है। पाकिस्तान ने अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद भारत के साथ व्यापार को एकतरफा तरीके से रोक दिया था। अप्रैल में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फीलगुड किया था।

### अरविंद केजरीवाल को झटका, अभी नहीं होंगे रिहा

= हाईकोर्ट की रोक, सोमवार-मंगलवार तक आ सकता है फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं आएंगे। दिल्ली हाईकोर्ट की वैकेशनल बेंच ने शुक्रवार को ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम दलीलों पर विचार कर रहे हैं। सोमवार–मंगलवार को हम फैसला सुनाएंगे। तब तक राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर रोक रहेगी। दरअसल, 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद




केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जस्टिस न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ईडी ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच में ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है।

# योगमय हुआ देश, आम और खास दोनों ने जमाया आसन

**पीएम मोदी ने श्रीनगर की डल झील के किनारे किया योग**

**लोगों के साथ ली सेल्फी, सेना के जवानों का बार्डर पर योग**





**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे 6.30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब 7 हजार लोगों ने पीएम मोदी के साथ-साथ योग के मुश्किल आसन किए। इसके अलावा आईएनएस विक्रमादित्य पर नौसेनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे सेना के जवानों ने अलग-अलग आसन कर 10वां योग दिवस मनाया। 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी है। पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर में हैं। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा है। वहीं 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा है। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने की तैयारियां कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का यहां जाना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है। उन्होंने कहा- कश्मीर के लिए योग आकर्षण का केंद्र बन सकता है। आज मौसम ने चुनौतियां पैदा कीं। कई बेटियों ने योगा मेट को बारिश से बचने के लिए उपयोग किया, लेकिन बेटियां गईं नहीं। यहीं डटी रहीं।

# योग को लोकप्रिय बनाने की यात्रा में श्रीअन्न नया पड़ाव

**प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय अहम, प्रदेश में मोटे अनाज के उत्पादन पर किसानों को प्रोत्साहन**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशिष्ट अतिथिगण और उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया। योग दिवस में प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित थे। इनमें भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय राघवेंद्र कुमार



सिंह, प्रमुख सचिव आयुष और स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी, जनसंपर्क आयुक्त संदीप यादव शामिल हुए।

# बिहार में सीएम नीतिश को उकसाने में जुटे तेजस्वी यादव

**आरक्षण पर पटना हाईकोर्ट का फैसला आते ही बदला सुर**

**पटना (एजेंसी)।** पटना हाई कोर्ट ने गुरुवार को बिहार सरकार के आरक्षण की सीमा को 50 फीसद से बढ़ाकर 65 फीसद करने के कानून को रद्द कर दिया। इस पर अब राजद नेता व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतिश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हम लोग कोर्ट के इस फैसले से आहत हैं। हालांकि, हम लोगों को संदेह काफी पहले से था कि भाजपा आरक्षण को रोकने के लिए कुछ भी कर सकती है।

हम लोगों ने चुनाव में भी यह कहा था कि बीजेपी आरक्षण विरोधी है। आप लोगों को पता है कि हम लोगों ने जब जाति आधारित जनगणना कराई थी, तब बीजेपी के लोगों ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर इसे रुकवाने का प्रयास किया था। तेजस्वी ने कहा कि यही नहीं, सॉलिसिटर जनरल तक को कोर्ट में खड़ा किया गया था, लेकिन हम लोगों की अंत में जीत हुई थी। इसके बाद हम लोगों ने जाति आधारित सर्वे भी कराया था। हम लोगों ने पिछड़ों और अति पिछड़ों का आरक्षण 75 फीसदी तक बढ़ाया था, ताकि वो लोग आर्थिक मोर्चे पर मजबूत हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि हमने इस संबंध में कैबिनेट बैठक भी की थी। प्रेस कांफ्रेंस भी किया था। केंद्र को इस संबंध में पत्र लिखा था कि और



कहा था कि इसे शेड्यूल 9 में डाल दिया जाए, ताकि वह सुरक्षित रहे। लेकिन अब तक 9 महीने हो चुके हैं, लेकिन भाजपा और केंद्र सरकार ने इस काम को पूरा नहीं किया।

# एमपी में जीएसटी की जोरदार कार्रवाई, 8 बड़े कॉलोनाइजर और रियल एस्टेट कारोबारियों पर छापा

**इंदौर।** एमपी में जीएसटी की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। प्रदेश के कई शहरों में कॉलोनाइजरों और रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा गया है। प्रदेश के चार शहरों में यह कार्रवाई की जा रही है। जानकारी अनुसार स्टेट जीएसटी ने ये छापे मारे हैं। प्रदेश के चार शहरों में आठ रियल एस्टेट कारोबारियों और कॉलोनाइजरों पर जीएसटी का यह छापा पड़ा है। प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर, राजधानी भोपाल सहित जबलपुर और सागर में स्टेट जीएसटी के छापे मार गए हैं। खबरों के अनुसार चार शहरों में आठ रियल एस्टेट कारोबारियों से 5 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। जीएसटी एंटीवीजन ब्यूरो के अफसरों ने ये कार्रवाई की है। आठ कारोबारियों और कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल तथा लैपटॉप जब्त कर लेन-देन के दस्तावेज और डाटा खंगाले। विभाग को इन कारोबारियों के यहां टैक्स चोरी की जानकारी लगी थी। जिसके बाद टीम छानबीन में जुट गई। स्टेट जीएसटी की टीम ने राजधानी भोपाल में भी कार्रवाई की।अरेरा कॉलोनी स्थित एक कारोबारी के दफ्तर में दबिश दी। इसके अलावा सागर और जबलपुर में भी तीन रियल एस्टेट कारोबारियों की जांच पड़ताल की गई है। यहां टर्नओवर और टैक्स में खासा अंतर मिला है। **प्री लॉन्चिंग के नाम पर बेच रहे अवैध कालोनी:** प्री लॉन्चिंग का खेल पूरे प्रदेश में जोर शोर से चल रहा है दैनिक सदभावना पाती लगातार इन फर्जीवाड़ों की खबर प्रकाशित कर रहा है इंदौर के अनेकों ग्रुप इसमें शामिल है और डायरियों पर प्लाट का ज़िदा करके करोड़ों की टेक्स चोरी कर रहे हैं जिला प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। रियल एस्टेट में खूब होती है टैक्स चोरी रियल एस्टेट कारोबार में 18 फीसदी जीएसटी है। ज्यादातर बिल्डर्स ग्राहकों को प्लाट बेचते समय उनसे जीएसटी भी लेते हैं लेकिन विभाग को टैक्स नहीं देते। हालांकि प्लाटिंग में जीएसटी में राहत है।

# शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने योग जरूरी

= अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के लिए योग अत्यंत जरूरी है। योग सरल है, सभी के लिए हैं। यह व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विशेष प्रयासों से योग अब वैश्विक उत्सव बन गया है। श्री पटेल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजभवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का जम्मू-कश्मीर से



लाइव प्रसारण किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि योग हमारे पूर्वजों की धरोहर है। ऋषि-मुनियों की देन है। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। भौतिकवादी जीवनशैली और बदलते खान-पान के दौर में हमें योग स्वस्थ्य रखता है।

# यूपी में भर्ती परीक्षा केंद्रों पर बड़ा फैसला, बन गई नीति

= सीएम योगी की रणनीति से अब छूटेंगे नकल माफियाओं के पसीने = प्रश्न पत्रों की छपाई और एजेंसी चयन को लेकर भी नियम हुए सख्त

**परीक्षा केंद्रों पर शिक्षक और अभ्यर्थियों को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर अब योगी आदित्यनाथ सरकार सख्त एक्शन मोड में है। भर्ती परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक मामलों ने योगी सरकार की छवि पर सवाल खड़ा किया है। ऐसे में सीएम योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा केंद्रों के गठन को लेकर बड़े आदेश जारी किए हैं। यूपी में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र अब रेलवे स्टेशन से 10 किलोमीटर की परिधि के दायरे में ही होंगे। पहले ही सीएम योगी ने परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब स्टेशन से 10 किलोमीटर की परिधि में परीक्षा केंद्रों के बनाए जाने से वहां की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। ऐसे में माना जा रहा है की परीक्षा के दिन इन केंद्रों तक प्रश्न पत्र आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। पहले दूरस्थ इलाकों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने से पहले ही प्रश्न पत्र भेजना होता था।



इसमें प्रश्न पत्र लीक होने की संभावना अधिक रहती थी। इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए अब परीक्षा केंद्रों के निर्धारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पेपर लीक जैसी स्थिति पर लगाम लगाने और परीक्षाओं में धांधली खत्म करने के लिए नई नीति जारी कर दी गई है। परीक्षा केंद्रों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और जिला कोषागार से 10 किलोमीटर के भीतर रखना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही एग्जाम सेंटर को 3 साल परीक्षा करने का अनुभव होना जरूरी कर दिया गया है। शहर की आबादी के भीतर परीक्षा केंद्र रहना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, वहां जाने के लिए सड़क के साथ यातायात साधन की व्यवस्था होनी जरूरी की गई है। परीक्षा केंद्र के भवन में बाउंड्रीवॉल, पेयजल, शौचालय के साथ ही बिजली और जेनरेटर की व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है।

### डीएम कमेटी करेगी केंद्र का चुनाव

परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी चालू अवस्था में होना जरूरी किया गया है। डीएम की अध्यक्षता में समिति बनाकर परीक्षा केंद्रों का चुनाव किया जाएगा। श्रेणी ए में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, राज्य एवं केंद्र के विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज को रखा गया है। वहीं, श्रेणी बी में इसी दर्जे के ख्याति प्राप्त सुविधासंपन्न एडेड स्कूलों और कॉलेजों को केंद्र बनाया जाएगा। काली सूची में दर्ज विवादित स्कूल और कॉलेजों को किसी भी स्थिति में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। परीक्षाओं के प्रश्न पत्र छपाई करने वाले प्रिंटिंग प्रेस को लेकर भी गाइडलाइन जारी कर दी गई है। नई नीति में साफ किया गया है कि प्रिंटिंग प्रेस के चुनाव में पूरी गोपनीयता बरती जाएगी। प्रेस में आने और जाने वाले सभी लोगों की जांच होगी। सभी के पास पहचान पत्र जरूरी किया गया है।

## योग कर स्वस्थ्य रहने का दिया संदेश



**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागणांतर्गत 21.06.2024 को प्रातः कालीन बेला में योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, विनोद तिवारी, रामऔतार पाठक, विष्णु पाण्डेय, विहिप संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान, पार्षद संगीता राय, रूप नगायच, सविता चौबे, मनीषा गोस्वामी, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका स्वाती चौबे, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे, राजकुमार वर्मा, मृगेन्द्र गहरवार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागणांतर्गत 21.06.2024 को प्रातः कालीन बेला में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे ने योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर परमपिता परमेश्वर ब्रम्हाकुमारी आश्रम पन्ना की संचालिका सीता बहन भी सम्मिलित हुईं। शिक्षा विभाग डी.ई.ओ. सूर्यभूषण मिश्रा ने सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## देश की अदालतें अब इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन से भी भेजेंगी नोटिस-समन

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट से लेकर सभी हाई कोर्ट और अधीनस्थ अदालतें एक जुलाई 2024 से %इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन% से भी %नोटिस-समन% भेजेंगी। इस प्रक्रिया में संबंधित आरोपित या पक्षकार के ई-मेल और वाट्सएप सहित अन्य माध्यम शामिल होंगे। यह नवाचार कोर्ट के वर्क कल्चर को स्मार्ट बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। उक्त जानकारी तीन नए कानूनों के विशेषज्ञ अधिवक्ता पुनीत चतुर्वेदी ने दी, जो जबलपुर व मुंबई सहित कई अन्य अदालतों में अपने व्याख्यानों के जरिए अधिवक्ताओं के विधिक ज्ञान का परिवर्धन करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने साफ किया कि भारतीय अदालतें परंपरागत डाक व हमदस्त नोटिस-समन प्रणाली को पूरी तरह समाप्त किए बिना फिलहाल प्रायोगिक रूप में ईमेल और वाट्सएप सहित अन्य माध्यम से नोटिस-समन इशू व सर्विस करने की दिशा में तत्पर होंगी। कमोबेश इसके बेहतर परिणाम सामने आने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस नवाचारी कदम से आरोपित व पक्षकार बहानेबाजी के पुराने तरीके को अदालतों के समक्ष साबित करने में सफल नहीं होंगे।

## जबलपुर : ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर लड़की ने की थी पिता और भाई की हत्या

**जबलपुर।** जबलपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पिता और भाई की हत्या की। जानकारी के अनुसार लड़की के ब्वॉयफ्रेंड ने पुलिस के सामने खुद को सरेंडर कर दिया। इस घटना के मास्टर माइंड यानि लड़की के आरोपी मित्र का नाम मुकुल सिंह बताया जा रहा है। बता दें कि गुरुवार रात पौने बारह बजे मुकुल सिविल लाइन थाने पहुंचा और उसने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इससे एक दिन पहले ही लड़की को हरिद्वार पुलिस ने पकड़ा था, तब लड़का मौका देख पुलिस की नजरों से फरार हो गया था। वहीं अब आरोपी गुरुवार को खुद सिर पर कपड़ा बांधकर पुलिस थाने पहुंचा। उसने पुलिस थाने पहुंचकर बताया, मैं ही मुकुल हूं, ये बात सुनकर पुलिस भी हैरत में पड़ गई। आरोपी ने बताया कि उसी ने 15 मार्च को लड़की के पिता और भाई की हत?या की थी। दोनों मार्च से फरार चल रहे थे वहीं नाबालिग लड़की से भी जब पूछताछ की गई तो उसने हत्या में शामिल होने की बात पुलिस के सामने स्वीकार ली। बताया कि डबल मर्डर के आरोपी मुकुल सिंह और नाबालिग लड़की के हरिद्वार में होने की सूचना पर लोकल पुलिस की तरफ से जांच की गयी। जबलपुर के एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने नाबालिग किशोरी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए इसकी जानकारी दी है।

## नर्सिंग फर्जीवाड़ा - म.प्र. नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिंल की पूर्व रजिस्ट्रार श्रीमती शिजू सेवा से बर्खास्त

### नर्सिंग संस्थाओं की मान्यता जारी करने में अनियमितताओं पर लिया गया निर्णय

भोपाल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ने श्रीमती सुनीता शिजू तत्कालीन रजिस्ट्रार म.प्र. नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिंल एवं वर्तमान स्टाफ नर्स, चिकित्सा महाविद्यालय दतिया को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने का आदेश किया है। नर्सिंग कौंसिल में पदस्थी के दौरान विभिन्न अयोग्य नर्सिंग महाविद्यालयों को मान्यता देने की जाँच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करने के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती शिजू मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल भोपाल में रजिस्ट्रार, के पद पर 22 सितंबर 2021 से 24 अगस्त 2022 तक पदस्थ थीं। रजिस्ट्रार नर्सिंग कौसिंल भोपाल के पद पर पदस्थ रहने के दौरान श्रीमती शिजू द्वारा नर्सिंग संस्थाओं की मान्यता प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं होना जाँच में पाया गया। अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल द्वारा 20 जुलाई 2023 को आरोप पत्र तथा 04 अगस्त 2023 को अतिरिक्त अधिरोपित आरोप पत्र श्रीमती शिजू को जारी किया गया था। प्रकरण अत्यन्त गंभीर प्रवृति का होने के कारण कार्यालय अधिष्ठाता, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जाँच में श्रीमती सुनीता शिजू द्वारा पदस्थी अवधि के दौरान की गई अनियमितताएँ अत्यंत अत्यंत गंभीर कदाचरण श्रेणी मे पायी गयीं। उक्त कृत्य के कारण प्रदेश में कई नर्सिंग संस्थाओं की गलत मान्यतायें जारी करने से प्रवेशरत छात्र-छात्राओं का भविष्य संकटपूर्ण हुआ तथा प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था की छवि धूमिल हुई। उक्त के द्रष्टिगत श्रीमती शिजू की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

# रोज शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो कम से कम 45 मिनिट योग करें:राज्यमंत्री पटैल

## योग निश्चित तौर से शरीर को, मन को अच्छा करता है:विधायक मलैया

**दमोह।** इस बात की खुशी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो यूनाइटेड नेशन में प्रस्ताव रखा, उस प्रस्ताव को पूरे विश्व ने माना और 21 जून 2015 से सारे विश्व में योग दिवस मनाया जाने लगा है। पूरे विश्व में आज के दिन योग दिवस मनाया जाता है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने आज स्थानीय मानस भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आर एल बागरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित, योगाचार्य प्रशांत असाटी, सहित अन्य योगगुरू एवं अन्य योग संस्थाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी एवं नागरिकगण मौजूद थे।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जैसा कि सभी जानते हैं करें योग रहे निरोग, यह सच भी है यदि रोज शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो कम से कम 45 मिनट योग करें, एक्सरसाइज करें, तो निश्चित रूप से डॉक्टर के यहां जाने से बचेंगे, खास तौर से हड्डियों की बीमारी जो आज के समय में सबसे ज्यादा हो रही है, उनसे बचने के लिए सबसे अच्छा है, रोज योग करें। उन्होंने कहा अभी जैसा कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने ऑनलाईन संबोधित करते हुये कहा है 100 साल तक निरोग रहकर, बिना डॉक्टर के अपना जीवन यापन कर सकते हैं। आज योग दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों के लिए योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो पिछले 10 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम यहां पर हो रहा है। योग



कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में होना था, अतिवृष्टि के कारण उसको वहां से शिफ्ट करके मानस भवन में किया गया है। यह अच्छा प्रयास है, और बहुत लोगों ने रुचि भी ली है। योग दिवस की सभी के लिए बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। श्री मलैया ने कहा योग निश्चित तौर से शरीर को मन को अच्छा करता है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह के नागरिको को धन्यवाद देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ऊर्जा और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में यहां पर लोग जुटे है। हमने एक्सीलेंस स्कूल में 3 हजार से अधिक लोगों के लिये कार्यक्रम की व्यवस्था की थी लेकिन असमय बारिश के कारण वहां कार्यक्रम नहीं कर पाया, उसके कारण योगाचार्यो आमजनों को जो कष्ट हुआ है मैं उसके लिए दमोह के नागरिकों से क्षमा मांगता हूं, कि यह कार्यक्रम हम बहुत अच्छे तरीके से करना चाह रहे थे। बहुत अच्छी बात यह रही की लोगों का उत्साह कम नहीं पड़ा। यहां पर बहुत बड़ी में संख्या में लोग आए, उन्हें व्यवस्था नहीं दे पाए उसके लिए भी कलेक्टर श्री कोचर ने खेद व्यक्त किया। लोगों ने अच्छी तादात में आकर योग किया, इसके प्रति कलेक्टर श्री कोचर ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा योग प्रशिक्षकों ने बहुत अच्छे से योग कराया, आयुष विभाग के अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जन अभियान परिषद के अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सभी सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं और तमाम नागरिक जिन्होंने योग किया है, और मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा मंत्री जी ने समय निकाला और योग में शामिल हुए दमोह विधायक भी पूरे कार्यक्रम में रहे। सभी ने मिलकर आज यह संदेश देने का प्रयास किया है कि योग समाज के लिए कितना आवश्यक है और स्वयं के लिए कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा मैं उम्मीद करता हूं कि हम सभी लोग अपने दैनिक दिनचर्या में जैसे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा हम अपने दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करके शारीरिक और मानसिक विकास की ओर अग्रसर होंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग स्वयं के लिए और समाज के लिए थी और हमने खास तौर से महिलाओं से आग्रह किया था की बड़ी तादाद में उपस्थित होकर योग करें, आज यहां पर बड़ी तादाद में महिलाओं की उपस्थिति थी और योग को हर वर्ग से, हर समाज से, हर उम्र से जोड़ने का प्रयास करने की कोशिश की गई है।

कलेक्टर श्री कोचर योग दिवस कार्यक्रम स्थल उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में कल रात से ही व्यवस्था में लगे रहे और रात्रि में वर्षा होने से आज सुबह कार्यक्रम स्थल में बदलाव किया गया और स्थानीय मानस भवन की व्यवस्था में नगर पालिका की टीम ने और डूडा की टीम ने काम किया है, वह वाकई में काबिले तारीफ है, उन लोगों की बदौलत यह चीज बहुत अच्छे से हो पाई हैं, इसका विशेष रूप से नगर पालिका को क्रेडिट जाता है।

जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा ने कहा कार्यक्रम को लेकर बहुत बृहद व्यवस्था की थी उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में, कलेक्टर सर ने वाटरप्रूफ पंडाल भी लगाया था लेकिन बहुत ज्यादा वर्षा के कारण मानस भवन में कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ा। उन्होंने कहा मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि आप सभी लोग बड़ी संख्या में आए। आप लोगों ने बहुत मन से आज योग किया, योग शिक्षको ने भी बहुत मनोयोग से अच्छे तरीके से योग कराया है। आप लोग सभी यहां एकत्रित हुए, योग किया प्रधानमंत्री जी को सुना, उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

## अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध जल निगम द्वारा की कार्यवाही

**दमोह।** ग्रामों में ग्राम वासियों के द्वारा किए जा रहे अवैध नल कनेक्शन के संबंध में कलक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा तत्काल अवैध नल कनेक्शनों को हटाने व दोषियों के विरूध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के आदेश म.प्र. जल निगम को दिए गये है। दमोह से लगे ग्राम आम चोपड़ा में बी.एस.एन.एल. कॉलोनी व आम चौपड़ा में लगभग 200 घरों में पानी का प्रेशर अत्यंत कम एवं कुछ घर में पानी पहुँच ही नहीं रहा है। जल निगम, फर्म व एस.क्यू.सी. की टीम ने पूर्व में 13 फरवरी एव 30 मई को अवैध कनेक्शनों के कारण ग्राम आम चौपड़ा में जल



प्रभावित होना दर्शाया था। चौपड़ा रैयत में 30 मई को निरीक्षण के दौरान 16 अवैध कनेक्शनों को तत्काल बंद कराया गया था, किन्तु आज पुनः उन सभी 16 ग्रामवासियों ने अवैध कनेक्शन पुनः कर लिये है, आज निरीक्षण के द्वौरान फर्म द्वारा 12 कनेक्शनों को बंद कर दिया गया था। और अंतिम चेतावनी भी दी गई है कि आपके विरूध एफ.आई.आर. दर्ज कराई जायेगी, वहीं परसुराम टेकरी के नीचे रहवासियों द्वारा लगभग 200 मी. की अवैध पाईप लाईन विछाकर पेयजल प्राप्त किया जा रहा है, इससे आम चौपड़ा के लोग अत्यंत प्रभावित हो रहे है, अवैध कनेक्शनों के कारण आज हितग्राहियों को पानी प्राप्त नहीं हो रहा है। अवैध कनेक्शन पाये जाने वालों के नाम इस प्रकार है-मम्मु यादव, मुन्ना यादव, हल्लु यादव, गोविन्द यादव, हीरालाल यादव, कमलेश यादव, कैलाश रैकवार, मुन्ना रैकवार, जवाहर रैकवार, शेखलाल यादव, गोपाल पटेल, सुरेश यादव, लक्ष्मन बुन्देला, अमृत सिंह लोधी, गोविन्द यादव, दिलीप यादव। उक्त आशय की जानकारी प्रबंधन जन-सहभागिता डॉ. मनोज राज ने दी।

## योग दिवस पर भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह की उपस्थिति में योग गुरु पीसी शर्मा के द्वारा सुबह 7 बजे से योगाभ्यास कराया गया। जिसमें ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ योग के आसन किए। इसमें जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन,युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल,शिखा जैन,रिंकू गोस्वामी,वरिष्ठ नेता डॉ केदार शर्मा, इंजी अमर सिंह राजपूत, पार्षद संगीता जैन सहित मोर्चा और प्रकोष्ठ के



पदाधिकारियों की उपस्थिति रहीं। तत्पश्चात प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के सीधे प्रसारण को भी देखा गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज कश्मीर की धरती से मैं दुनिया भर के सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देता हूं। दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया था और भारतीय संस्कृति के प्रतीक योग को स्वीकार किया। जिले के सभी बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## माध्यमिक शाला लिधौरा में योग दिवस पर हुआ योग का आयोजन



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले के सभी विद्यालयों में 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लिधौरा में प्रशिक्षक शिक्षक माधव पटेल और जगपाल सिंह के साथ रेडियो पर प्रसारित निर्देशानुसार विद्यार्थियों ने योग क्रियाओं में सहभागिता की।

### रोजगार मेलें में 152 आवेदको का किया गया चयन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार रोजगार मेलें का आयोजन किया गया जिसमें 227 विभिन्न आवेदकों द्वारा रोजगार हेतु पंजीयन कराया गया, पंजीयन उपरांत 152 आवेदको का चयन किया गया, जिसमें भारतीय जीवन बीमा निगम में 25, शिवशक्ती बायोटेक जबलपुर में 42, क्रस कोप लिमिटेड में 33, एस.आई.एस.अनुपपुर में 19, रिया इंटरप्राइजेज पीथमपुर में 12, लार्सन एण्ड टूब्रो छिन्दवाडा में 09, ग्रेट आर्गेनिक डायमंड प्रा. लिमि. सागर में 12 आवेदकों का चयन किया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि द्वारा आवेदकों के लिए जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में जिला रोजगार अधिकारी एल.पी. लडिया द्वारा उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून तक टीकाकरण

**दमोह।** पल्स पोलियो अभियान अन्तर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान जिला टास्क फोर्स का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक में दिशा निर्देश देते हुये कहा बूथ चलो अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चों को आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार, आर.के.एस.के. साथिया, ब्रिगेडियर के द्वारा बूथ पर मोबिलाईज कर पोलियो की वैक्सीन 23 जून 2024 रविवार को पिलाई जाये। शहरी क्षेत्र, सभी ब्लॉक के ग्रामों में जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन, नारे लेखन, मुनादी का कार्य किया जाये, जिससे अधिक से अधिक व्यक्तियों तक 23 से 25 जून तक होने वाले पल्स पोलियो अभियान की जानकारी पहुंच सके। बैठक में मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बैक, डी.पी.ओ. सी.डी.पी.ओ. महिला बाल विकास दमोह, सीबीएमओ, बी.पी.एम., बी.ई.ई., बी.सी.एम. समस्त ब्लॉक के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कोचर ने महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए 23 जून को पल्स पोलियो के लिये सभी



आंगनबाड़ी अनिवार्य रूप से खोली जायें एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के द्वारा शत प्रतिशत बच्चो को बुलाकर पोलियो की वैक्सीन पिलाई जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने बूथों की सतत मॉनिटरिंग कर शत् प्रतिशत् बच्चों को पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत दो बूंद जिंदगी की पिलाये जाने हेतु निर्देशित किया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रेक्सन एल्बर्ट ने जिला टास्क फोर्स में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के विषय में बताते हुये कहा कि जिले का लक्ष्य 2,01,250 है जिसमें 23 से 25 जून 2024 में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चो को पल्स पोलियो की वैक्सीन पिलाई जायेगी। भारत देश मार्च 2014 में पोलियो मुक्त हो चुका है, किंतु पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के मरीज सामने आ रहे हैं, इसलिये यह जरूरी है कि भारत देश के बच्चों को पोलियो बीमारी से बचाने हेतु पोलियो वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक अनिवार्य रूप से पिलाई जाये, पोलियो की वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है। प्रथम दिवस में संपूर्ण जिले मे कुल 858 बूथ (बस स्टेंड, रेल्वे स्टेशन, समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थायें इत्यादि) बनाये गये हैं, जहॉ पर हितग्राही बूथ चलो अभियान के अंतर्गत प्रातः 8 से शाम 4 बजे तक अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को लाकर पोलियो की वैक्सीन पिलवा सकते हैं एवं 24 व 25 तारीख को संपूर्ण जिले में 1419 टीम घर-घर जाकर पोलियो की वैक्सीन पिलायेंगी एवं 40 मोबाईल टीम बनायी गयी हैं, जो कि पहुॅच विहीन क्षेत्र, माईग्रेटरी साईट मे जाकर पोलियो की वैक्सीन पिलायेंगी। डॉ.रेक्सन एल्बर्ट ने बताया 249 सुपर वाईजर मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे । प्रथम दिवस ही विभाग का लक्ष्य है की 90 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो जाए। अभियान के पूर्व समस्त विभागो को प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

## इंदौर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई- चार मंजिला अवैध होस्टल जेसीबी से किया जमींदोज

**इंदौर।** ग्रीन बेल्ट की जमीन पर तना चार मंजिला अवैध होस्टल नगर निगम की टीम ने जमींदोज कर दिया। सर्वानंद नगर में हुई यह कार्रवाई चार घंटे से ज्यादा समय चली। इस दौरान मामूली विवाद भी हुआ। नगर निगम उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम की टीम शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे सर्वानंद नगर पहुंची। यहां भरत सोनी नामक व्यक्ति ने 20 बाय 50 के तीन प्लाटों को मिलाकर जी प्लस थ्री (चार मंजिला) इमारत बना ली थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए इसे जमींदोज कर दिया है। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन कार्रवाई जारी रही।

## जुए की महफिल में दबिश, जुआरियों के साथ टीआई और एएसआई पर भी कार्रवाई

**इंदौर।** जुए की महफिल में पुलिस अफसर की टीम ने दबिश दी तो वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने कई जुआरियों को पकड़ा। बताया जा रहा है कि जुए का यह अड्डा स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से चल रहा था जिसके चलते जुआरियों पर कार्रवाई होने के साथ-साथ उस पुलिस स्टेशन के टीआई और एएसआई पर भी कार्रवाई की गई है। साल्वी मोहल्ले में प्रभु गुर्जर के खेत में बने एक निर्माणाधीन मकान में जुआ खेलने की सूचना पर एसपी स्क्वॉड की टीम ने दबिश मारी। मौके से जगदीश भावसार निवासी गुड़ बाजार, अशोक राठौर निवासी काछी बड़ौदा, बनवारी शिवहरे निवासी इंडोरामा, मंजूर शाह निवासी सागौर, राजाराम पाटीदार निवासी ग्राम रुणजी, सादिक मंसूरी निवासी इंद्रलोक कॉलोनी, प्रकाश जैन निवासी एमजी रोड़ गौतमपुरा, मांगीलाल जैन निवासी फतियाबाद बाजार गौतमपुरा, शोएब और इनके साथी पकड़ाए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 51 हजार रुपए नकदी और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। साथ ही उन वाहनों को भी जब्त किया गया है जिनमें सवार होकर जुआरी मौके पर जुआ खेलने गए थे। बताया जा रहा है कि इस मामले में गौतमपुरा टीआई संगीता सोलंकी और एएसआई जगदीश डाबर को लाइन अटैच किया गया।

## इंदौर एयरपोर्ट को फिर से मिली बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट को एक सप्ताह में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दी गई जानकारी के अनुसार धमकी का ईमेल आने के बाद इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर चेकिंग अभियान चलाया। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्टीय एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी बुधवार रात को फिर मिली। एयरपोर्ट डायरेक्टर की मेल आईडी पर बम लिखे सब्जेक्ट से ठ्ठश्चड्डश्चस्र4ञ्चस्नद्द5ह्वद्व.ष्टद्व से मेल किया गया। इसमें किसी पैट्रिक नाम के शख्स ने इंदौर एयरपोर्ट पर बम प्लेस करने की धमकी दी है। मामले में एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी करण तिवारी ने एरोड्रम पुलिस को आवेदन दिया। सीआइएसएफ टीम ने भी एयरपोर्ट पर सर्चिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इससे पहले 18 जून को भी इंदौर सहित देशभर के 50 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस दौरान भी थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया। देशभर के चुनिंदा एयरपोर्ट के साथ इंदौर एयरपोर्ट को अप्रैल में भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 29 अप्रैल को अज्ञात मेल आइडी से एयरपोर्ट परिसर और कुछ एयरलाइंस के प्लेन में बम प्लांट करने की धमकी मिली थी। इसमें कहा गया था कि जल्द ही बम एक्टिव कर उड़ा दिया जाएगा।

## शहर से हटेंगे लंबे रूट के अवैध बस स्टैंड, संचालकों को दिया गया नायता मुंडला बस स्टैंड का विकल्प

**इंदौर।** शहर में यातायात सुधार के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। अभियान के तहत सड़कों और फुटपाथ पर कब्जा कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। पहले दुकानदारों और व्यवसायिक संस्थानों को तीन दिन की चेतावनी दी जा रही है कि वे अपना सामान और कब्जा फुटपाथ से हटा लेंवे। इसके बाद मुहिम चलाकर सामान जब्ती और कब्जा हटाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके बाद पुनः सामान रखने और कब्जा करने वालों की दुकाने/व्यावसायिक संस्थान सील किये जायेंगे। प्रथम चरण में शहर की 15 सड़कों को इस कार्यवाही के लिए चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही शहर से लम्बी दूरी की यात्री बसों का संचालन प्रतिबंधित किया जायेगा। लम्बी दूरी की चलने वाली यात्री बसों के अवैध बस स्टैण्ड शहर के बाहर संचालित करना होंगे। इन बसों के संचालन के लिए नायता मुंडला स्थित बस स्टैंड का विकल्प बस संचालकों को दिया गया है। यह जानकारी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के दल बनाये गए है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि सड़कों और फुटपाथ पर अवैध रूप से सामान रखने और कब्जा होने से फुटपाथ और सड़कों का उसकी क्षमता के अनुरूप उपयोग नहीं हो पाता है इससे यातायात बाधित होता है।

## जमीनी विवाद में फंसे रामकृष्ण बाग कॉलोनी के रहवासी, 30 जून तक 200 से ज्यादा मकान तोड़ने का अल्टीमेटम

### 24 जून को जिला कोर्ट में मामले की सुनवाई

इंदौर। शहर के एमआर 10 के पास स्थित रामकृष्ण बाग कॉलोनी में रहने वाले 200 से ज्यादा परिवारों के सिर पर छत का संकट मंडरा रहा है। श्रीराम बिल्डर्स (शशिभूषण खंडेलवाल) द्वारा इनके मकान तोड़ने की तलवार लटक रही है। यह जमीन विवाद 2003 से चल रहा है। जब श्रीराम बिल्डर्स ने यह जमीन न्याय नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था से खरीदी थी। वहीं, हाईकोर्ट में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और निगमायुक्त के खिलाफ दायर अवमानना याचिका में हाईकोर्ट ने इन सभी को 30 जून तक इन मकानों को तोड़ने का अल्टीमेटम दिया है। **यह है पूरा मामला:** यह जमीन खजराना के सर्वे नंबर 66/2 की 0.720 हेक्टेयर जमीन है। 2003 में न्यायनगर संस्था से खरीदी गई थी। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने मंजूरी दी थी। बाद में यह जमीन आईडीए की स्कीम 132 (जो अब स्कीम 171 है) में आ गई। बिल्डर ने आईडीए से एनओसी के लिए कोर्ट में केस लगाया और 2019 में एनओसी मिली। इसी दौरान जमीन के अतिक्रमण हटाने के लिए भी केस लगाए। हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक मामला गया, अतिक्रमण हटाने के आदेश हुए। शासन ने समय मांगा क्योंकि रहवासियों के मकान बन चुके थे। फ्लैट देने की बात चली, लेकिन नियमों के अनुसार कब्जाधारियों को फ्लैट नहीं दिए जा सकते। बिल्डर ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। इसके बाद अब हाईकोर्ट ने 30 जून तक मकान तोड़ने का अल्टीमेटम दिया। 24 जून को जिला कोर्ट में जमीन को लेकर केस की सुनवाई है।

# इंदौर व भोपाल में बनेगी यूनिफाइड मेट्रोपालिटन ट्रांसपोर्ट अथारिटी

### प्रदेश में पहली बार बनेगा इस तरह का नया प्राधिकरण

**इंदौर।** इंदौर और भोपाल में मेट्रो शुरू होने से पहले ही यूनिफाइड मेट्रोपालिटन ट्रांसपोर्ट अथारिटी बनेगी। प्रदेश में पहली बार इस तरह का नया प्राधिकरण बनाया जाएगा। जबलपुर और ग्वालियर जैसे भविष्य में मेट्रो प्रस्तावित शहरों में भी इस प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। राज्य शासन की ओर से इस वर्ष इस अथारिटी के गठन को मंजूरी देकर अमली जामा पहनाने का काम किया जाएगा। गौरतलब है कि जिन शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं, वहां के लिए केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट तौर पर इस तरह की प्राधिकरण के गठन करने के निर्देश हैं। देश में अभी हैदराबाद, चेन्नई व कोच्चि में इस प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसके गठन से शहर के ट्रांसपोर्ट सिस्टम संबंधित सारे निर्णय यह कमेटी लेगी। यह कमेटी ही तय करेगी कि किस क्षेत्र या रूट पर सिटी बसों का संचालन किया जाना है। बसों की टाइमिंग क्या होगी, मेट्रो व अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को जोड़ने के लिए फीडर लाइन रोड क्या होगी,



इसकी अनुशंसा पर शहर के यातायात नियोजन की प्लानिंग की जाएगी। यही शहर में मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को विकसित करने के साथ उनका क्रियान्वयन करेगी।

नगरीय प्रशासन व शहरी विकास विभाग द्वारा इस प्राधिकरण के लिए मसौदा तैयार कर लिया गया है। इसे राज्य शासन को भेजा जा रहा है। इस साल के अंत तक राज्य शासन द्वारा इसे मंजूरी दी जाएगी। इस कमेटी में नगर निगम, आइडीए, जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। यह कमेटी ही तय करेगी कि जिस रूट पर मेट्रो है वहां पर अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को किस तरह जोड़ा जाए।

**मेट्रो स्पेशल प्लानिंग अथारिटी की अनुमति से होंगे फ्लाईओवर, ब्रिज निर्माण**

इंदौर व भोपाल में मेट्रो स्पेशल प्लानिंग अथारिटी का भी गठन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इसे भी लागू करने की तैयारी है। इस अथारिटी में भी प्रमुख विभागों के आला अफसर व उनके प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेट्रो के एक किलोमीटर के दायरे में किस तरह फ्लाईओवर, ब्रिज, सड़क व अन्य निर्माण होंगे यह अथारिटी ही तय करेगी। नगर निगम, विकास प्राधिकरण, रोड कार्पोरेशन सहित अन्य एजेंसियां अपने इस तरह के प्रस्तावों को इस अथारिटी के समक्ष रखेगी। इस समिति के अधिकारी मेट्रो उपलब्धता व भविष्य की योजना को शहर के विकास को ध्यान में रखकर प्रोजेक्ट को मंजूरी देंगे।

**पुलों के कारण भविष्य के मेट्रो को कैसे मिलेगी रफ्तार**

सेंट्रल लाइन शहर में फिलहाल एबी रोड, रिंग रोड व बायपास पर तेजी से ओवरब्रिज व फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। पुलों का निर्माण भी भविष्य की मेट्रो योजना को ध्यान में रखकर नहीं किया जा रहा है। कई पुलों को सेंट्रल लाइन पर ही बनाया जा रहा है। ऐसे में बंगाली चौराहे से चोइथराम चौराहे तक यदि भविष्य में मेट्रो का नया रूट बनता है तो उस रूट पर मेट्रो की सेंट्रल लाइन क्या होगी यह तय नहीं है। इसी तरह राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण द्वारा बायपास पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर भी सेंट्रल लाइन पर बनाए जा रहे हैं। ऐसे में यूनिफाइड मेट्रोपालिटन ट्रांसपोर्ट अथारिटी व मेट्रो स्पेशल प्लानिंग अथारिटी बनने से विभाग मनमाने तरीके से नहीं एक विशेष योजना के तहत काम कर पाएंगे।

## अगले माह लॉन्च होगा महापौर का 'ट्रैफिक मित्र' अभियान, आम नागरिकों को जोड़ने की पहल

इंदौर। शहर के यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात पुलिस के साथ ही महापौर के नेतृत्व में भी नए सिरे से 'ट्रैफिक मित्र' अभियान शुरू किया जा रहा है। दो दिन पहले ही इसके लिए शुरू किए गए रजिस्ट्रेशन में अब तक दो सौ से ज्यादा युवा इससे जुड़ गए हैं। इसके तहत युवाओं को केवल शनिवार-रविवार को शाम 5.30 से 8.30 बजे तक वॉलेंटियरी सेवा देना है। प्रवासी भारतीय सम्मेलन में अस्थायी रूप से किए गए 'ट्रैफिक मित्र' अभियान को अब व्यवस्थित रूप से बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, कॉलेज से साथ ही विभिन्न संस्थाओं के युवाओं को इससे जोड़ा जा रहा है। इस बार जो रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं उसमें युवा अन्य माध्यम से भी इस अभियान में सहयोग दे पाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 12 नियम और शर्तों का पालन करना होगा। रजिस्ट्रेशन, ट्रेनिंग और किट विरतण के बाद अगले महीने इस अभियान को लांच किया जाएगा। इस बार वॉलेंटियर के तौर पर ऐसे युवाओं को भी जोड़ा जा रहा है, जो इस अभियान में ग्राफिक डिजाइन, स्लोगन लिखने और अन्य डिजिटल काम संभालने की सेवा देंगे। ऐसे भी करीब 150 युवा रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। पुराने वॉलेंटियर भी अब तक जुड़े हुए हैं, जिन्होंने प्रवासी भारतीय सम्मेलन और नो कार-डे पर सेवाएं दी थीं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के इस 'ट्रैफिक मित्र' अभियान से आम नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है। इसके तहत चार चौराहों पर एक जोन लीडर बनाया जाएगा और हर एक चौराहे पर लीडर भी होगा जो सभी में समन्वय का काम करेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद संयुक्त रूप से यातायात पुलिस के माध्यम से सभी की ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी जिसके बाद ही इन्हें चौराहे पर यातायात संभालने का जिम्मा दिया जाएगा। 'ट्रैफिक मित्र' अभियान को देख रहे ऋषभ बागोरा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद 'ट्रैफिक मित्र' को ट्रैफिक किट में जैकेट, लाइट, कैप, सीटी दी जाएगी। इनका कार्ड डिजिटल ही होगा, ताकि इसका मिस यूज होने पर सीधे एडमिन द्वारा इसे निरस्त किया जा सके। इस अभियान को अब व्यवस्थित तरीके से लगातार आगे बढ़ाया जाएगा।

## इंदौर में योग दिवस पर हुए अनेक आयोजन



**इंदौर।** शारदा कन्या विद्यालय में हुए योग के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य खराब न रहे, इसलिए योग करना चाहिए। हमें अपने भोजन पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए मोमोस, नूडल्स जहर के समान है। मैदा पचाना आसान नहीं रहता। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे से भी दूर रहे। मंत्री विजयवर्गीय ने विभिन्न स्पर्धा में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। योग से पहले विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ऑनलाइन भाषण भी सुना। इस मौके पर मंत्री विजयवर्गीय ने कर चले हम फिदा गीत भी सुनाया। अभय प्रशाल में भी योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएफ के जवान, मूक-बधिर बच्चों ने योग किया। यहां योग करने के लिए विदेश से भी तीन युवतियां आई थी। पौने घंटे में विभिन्न आयोजनों की विस्तार से जानकारी दी गई। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने गोपुर चौराहे पर सामूहिक योगा किया। अभय प्रशाल में योगा के लिए मंत्री विजयवर्गीय के अलावा सांसद शंकर लालवानी और विधायक गोलु शुक्ला का भी नाम पुकारा गया। विजयवर्गीय ने तो पूरे समय योगा किया, लेकिन लालवानी चार आसन करने के बाद कुर्सी पर बैठ गए। विधायक शुक्ला ने भी दो आसनों के बाद कुर्सी संभाल ली। उधर निगमायुक्त शिवम वर्मा को योग के कुछ आसन करने में परेशानी आई। कलेक्टर आशीष सिंह ने भी पूरे समय योग किया।

## इंदौर के रिसर्च स्कॉलर के साथ हुई ठगी

**इंदौर।** इंदौर से कैट के पीएचडी स्कॉलर को डिजिटल अरेस्ट कर 99 हजार ठगने का बड़ा मामला सामने आया है। इससे पहले 2 डॉक्टर और एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती भी डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो चुकी है। इस बार राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र के रिसर्चर स्कॉलर शातिर साइबर ठगों के चंगुल में फंस गए। अपराधियों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर 99 हजार रुपये वसूल लिए। शक होने पर स्कॉलर ने गूगल से जानकारी निकाली तो उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्प को इस पूरे मामले की शिकायत की।

साइबर एक्सपर्ट की मदद से आरोपियों के मोबाइल नंबर की जानकारी निकाली जा रही है। उन खातों को फ्रीज कर दिए गए हैं जिन खाते में पैसे ट्रांसफर हुए थे। एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के मुताबिक धोखाधड़ी जयंत भट्टाचार्य के साथ हुई है। जयंत आरआर कैट में रिसर्च स्कॉलर हैं। उन्होंने बताया कि 8 जून को अनजान नंबर से कॉल आया था। आरोपियों ने कहा कि मुंबई एयरपोर्ट से बात कर रहे हैं। आपके नाम का एक पार्सल मिला है जो सेंडेक्स कोरियर से भेजा गया था। साइबर ठगों ने स्कॉलर से कहा कि कोरियर में फर्जी पासपोर्ट, ड्रग्स के पैकेट हैं। जांच के लिए आपको सहयोग करना होगा। हम लोग कस्टम अधिकारी है। आरबीआई, सीबीआई, क्राइम ब्रांच और कई एजेंसी भी इस मामले में आपसे पूछताछ करेगी। इस दौरान आपको घर से बाहर नहीं जाना है और फोन भी डिस्कनेक्ट नहीं करना है वरना लीगल कार्रवाई होगी। मामले में गिरफ्तारी और जेल भी हो सकती है। साइबर फ्रॉड ने जयंत को बुरी तरह डरा दिया। बाद में कहा केस के सिलसिले में नारकोटिक्स विभाग भी पूछताछ करेगी।

## खंडवा : धरती डोली तो मची अफरा-तफरी, नहीं हुआ जानमाल का नुकसान

**इंदौर/खंडवा।** खंडवा जिले में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दें कि शुक्रवार सुबह 9ः04 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.6 रिक्टर की बताई गई। खंडवा से 10 किमी दूर भूकंप का केंद्र बताया जा रहा है। बता दें कि खंडवा में आए भूकंप से फिलहाल किसी भी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। जैसे ही झटके महसूस हुए तो लोग घर डरकर घरों से बाहर निकले।

इन जगहों पर की गई भूकंप की पुष्टि

शहर के नागचून रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नवकार नगर, गुलमोहर कॉलोनी, एलआईजी, कीर्ति नगर, आनंद नगर, सिंघाड़ तलाई, माता चौक, इमलीपुरा, हातमपुरा, छैगांवमाखन आदि जगह से लोगों ने इसकी पुष्टि की है।

## नीट परीक्षा में हुई अनियमितता एवं धांधली के विरोध में शहर एवं जिला कांग्रेस ने संभाग आयुक्त को दिया ज्ञापन

**इंदौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके के आह्वान पर एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सदाशिव यादव ने नीट परीक्षा में हुई अनियमितता एवं धांधली के विरोध में महामहिम राष्टपति महोदया के नाम इंदौर संभाग आयुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा की राष्टीय स्तर पर देश की केंद्रीय एजेंसी एनटीए द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं का संचालन किया जाता है इन परीक्षाओं में देश के लाखों छात्र, छात्राएं अपने स्वर्णिम भविष्य देश के निर्माण में अपने योगदान व परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए हिस्सा लेते हैं। इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा अथक, परिश्रम अध्ययन व समर्पण निहित होता है। जिसकी मात्र कल्पना ही की जा सकती है। इन छात्र-छात्राओं की शिक्षा कोचिंग में लगने वाली फीस सन साधन उनके परिवार के त्याग व उठाई गई कठिनाइयों की अनुभूति, मानव संवेदना का सर्वत्र इन छात्रों के अध्ययन व परीक्षा में दांव पर लग जाता है। इन सबके उपरांत जब पेपर लीक नकल व इन परीक्षाओं में व्याप्त धांधली योग्य परीक्षा छात्र को किनारा कर अयोग्य छात्रों को आगे करती है तो हर विवेकशील भारतवासी का सिर शर्म से झुक जाता है।

# स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. का तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**इंदौर।** एक गरिमामय एवं भव्य समारोह में कल जाल सभागार में स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. का तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, उत्तम स्वामी महाराज, विधायक सतीश मालवीय, समाजसेवी हेमेंद्र मतलानी, स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मनोहर लिंबोदिया, आकाश चौकसे उपस्थित थे।

श्री गहलोत ने संबोधन में कहा कि इंदौर पत्रकारिता का गढ़ रहा है जहाँ के पत्रकारों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पत्रकारिता को एक नई ऊंचाई प्रदान की। इसी वजह से इंदौर के पत्रकारो की लेखनी को देश में गंभीरता से लिया जाता है। मूर्धन्य पत्रकार राहुल बारपुते की सादगी, प्रभाष जोशी की मुहावरेदार भाषा, राजेंद्र माथुर के राजनीतिक विश्लेषण, शरद जोशी के चुटीले व्यंग्य, वेद प्रताप वैदिक का अंतरराष्टीय राजनीति में पकड़ और अभय छजलानी जैसे पत्रकारों की भाषा आज भी हम सबको प्रेरित करती है। श्री गेहलोत ने सभी पत्रकारों को आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक पत्रकारिता करे। निष्पक्षता के साथ सत्य को उजागर करे और पत्रकारिता की



आचार संहिता का पालन करे। पत्रकार समाज के विभिन्न मुद्दों को जरूर उठाये लेकिन उससे किसी व्यक्ति को ठेस नहीं पहुँचे। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ साथ आज सोशल मीडिया भी आज समाज को प्रभावित कर रहा है। आकाशवाणी, दूरदर्शन के साथ निजी रेडियो चैनल में तकनीक का अधिक इस्तेमाल होने से भी समाज में एक बड़ा परिवर्तन आया है। इसमें मोबाइल के बाद अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बड़ी भूमिका है।

उत्तम स्वामी ने कहा कि पत्रकारो की लेखनी बड़ी धारदार और सशक्त होती है और उसमे उतनी ताकत होती है जितनी की एक बंदूक मे भी नही है। इस वजह से आज बड़े बड़े लोग भी मीडिया से डरते है।अत मीडिया में काम कर रहे पत्रकारों को चाहिए कि वे उन आडंबरो और अंधविश्वासों का जोरदार पर्दाफाश करे, जो समाज में अंधश्रद्धा और टोने टोटके को बढ़ावा दे रहे है।

प्रवीण खारीवाल ने बताया कि पत्रकारिता महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2009 से हुई थी और यह 16 वा वर्ष है। इस महोत्सव में मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, यूपी, महाराष्ट आदि प्रदेशों के सैकड़ों पत्रकार और शोधार्थी छात्र भाग ले रहे है।

अतिथि स्वागत रचना जौहरी, सुदेश गुप्ता,नीलेश खरे, आसिफ शाह ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह संदीप जोशी, शीतल राय,प्रदीप सिंह राव ने प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन किया प्रवीण कुमार खारीवाल ने। आभार आकाश चौकसे ने माना।

# संपादकीय

## खालिस्तानी आतंक को बढ़ावा देता कनाडा

यह समझना मुश्किल है कि कनाडा आखिर भारत के साथ कैसे रिश्ते रखना चाहता है। इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारतीय प्रधानमंत्री से मिले तो कहा कि भारत के साथ कनाडा का कई मामलों में बेहतर तालमेल है और नई सरकार के साथ बातचीत आगे बढ़ाने का अवसर दिखाई दे रहा है। मगर वहां से लौटते ही उनका रुख बदल गया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर वहां की संसद में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले वर्ष कनाडा में निज्जर की हत्या कर दी गई थी। तब कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या में भारतीय अधिकारी शामिल थे। हालांकि वह अभी तक इसका कोई सबूत नहीं पेश कर सका है। उसके बाद से कई जगहों पर खालिस्तानी अलगाववादियों ने भारत के खिलाफ उकसाने वाली गतिविधियां चला गईं, भारत की तरफ से उन पर सख्त कदम उठाने की अपील की गई, मगर कनाडा सरकार उन पर चुप्पी साधे रही। अब निज्जर की बरसी पर संसद में मौन रखने का प्रकरण एक तरह से भारत को उकसाने का नया प्रयास है। यह हैरानी की बात है कि निज्जर आखिर कनाडा सरकार को इतना प्रिय क्यों हो गया। आमतौर पर किसी देश की संसद में राष्ट्र के किसी सम्मानित व्यक्ति, किसी हादसे, जनसंहार या युद्ध में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निज्जर की गतिविधियों को लेकर कनाडा सरकार अनजान हो। भारत ने उसे आतंकवादियों की सूची में डाल रखा था। आतंकवाद के खिलाफ भारत की कटिबद्धता भी कनाडा से छिपी नहीं है। फिर भी कनाडा सरकार



निज्जर की हत्या को इतना तूल दे रही है, तो इससे यही जाहिर होता है कि न तो वह आतंकवाद पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है और न भारत के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने को लेकर। अगर ट्रूडो सरकार भारत के साथ बातचीत आगे बढ़ाने की इच्छुक होती, तो निज्जर को इतना महत्त्व न देती कि संसद में उसे श्रद्धांजलि दी जाती। यह तो स्पष्ट है कि इस तरह निज्जर को महत्त्व देकर ट्रूडो वहां रह रहे सिख समुदाय का जनाधार अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं, इसका कुछ लाभ शायद इस चुनाव में उनकी पार्टी को मिल भी जाए, मगर इससे भारत के साथ जो रिश्ते खराब हो रहे हैं, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी।अलग खालिस्तान की मांग को लेकर चलाई जा रही हिंसक मुहिम से कनाडा सरकार अनजान नहीं है और न वह इस बात से बेखबर है कि किसी भी देश में चलाई जाने वाली कोई भी अलगाववादी गतिविधि दहशतगर्दी के दायरे में आती है। पंजाब के लोग खुद अलग राज्य का मुद्दा नहीं उठाते, मगर कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में जाकर बस गए और वहां की नागरिकता ले चुके कुछ लोग इसे लेकर उपद्रव करते देखे जाते हैं, तो उन पर अंकुश लगाने में मदद करने के बजाय अगर वहां की सरकारें उन्हें प्रश्रय देती हैं, तो इसे किसी भी रूप में स्वस्थ कूटनीति नहीं कहा जा सकता। इससे आतंकवादियों का मनोबल बढ़ता है और आखिरकार इसका खमियाजा किसी एक देश को नहीं, सारी दुनिया को भुगतना पड़ता है। कनाडा सरकार के जवाब में भारत ने कनिष्क विमान हादसे की बरसी मनाने का फैसला किया है। ऐसे तनातनी वाले वातावरण से आखिरकार नुकसान कनाडा को ही अधिक होगा।

### स्त्रियों के खिलाफ साल दर साल बढ़े अपराध

## पुरुषवादी सत्ता से महिलाएं नहीं हो पा रहीं मुक्त

पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज में पुरुषवादी सत्ता शिथिल नहीं हो पाई है। इसी का नतीजा है कि स्त्रियों के खिलाफ अपराध हर बार बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास इस वर्ष अभी तक बारह हजार छह सौ शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से ज्यादातर गरिमा के साथ जीने के अधिकार को ध्वस्त करने से संबंधित थीं। उनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, बलात्कार तथा बलात्कार की कोशिशों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें पांच सौ अठारह शिकायतें ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता को लेकर भी दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं। इससे एक बार फिर तमाम जागरूकता अभियानों, स्त्री और पुरुष में बराबरी की कोशिशों, स्त्री सुरक्षा के उपायों आदि के दावों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। उत्तर प्रदेश में स्त्री सुरक्षा के दावे सबसे ज्यादा बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, मगर स्त्री पर हिंसा की सबसे अधिक शिकायतें वहीं से मिली हैं। दरअसल, स्त्रियों के प्रति अत्याचार का सिलसिला इसलिए नहीं रुकने पा रहा कि आम भारतीय समाज उन्हें सम्मान की नजर से देखता ही नहीं। बेशक कुछ परिवारों में लड़कियों को पढ़ाई-लिखाई, नौकरियों और रोजगार वगैरह में प्रोत्साहन दिया जाने लगा है, मगर विडंबना है कि शिक्षित और नौकरीशुदा महिलाएं भी प्रताड़ना से मुक्त नहीं हो पाई हैं। ऐसी महिलाओं को पुरुष मानसिकता के अलग दुश्चक्र से गुजरना पड़ता है। घरेलू वातावरण में पुरुषवादी अहं का टकराव बड़ी आसानी से हिंसा में परिणत हो जाता है। रोजगार की जगहों पर यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न का जटिल घेरा है, तो समाज के विभिन्न स्तरों पर उसकी आजादी और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रश्नांकित होते रहते हैं। महिला आयोग जरूर स्त्रियों के खिलाफ हो रहे इन अमानवीय व्यवहारों को लेकर कुछ सख्त कदम उठाते देखे जाते हैं, पर जब शासन के स्तर पर भी महिलाओं को लेकर संकीर्ण नजरिया बना हुआ है, तो उन्हें कितना न्याय मिल पाता होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब तक स्त्री को लेकर समाज का मानस नहीं बदलेगा, उसके खिलाफ हिंसा नहीं रुकेगी।




### आज का कार्टून




## किरण और श्रुति चौधरी हरियाणा में भाजपा को दिलाए पाएंगी जाट वोट?

> हरियाणा कांग्रेस में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान का एक गुट है जबकि दूसरा गुट राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का है। इस गुट में किरण चौधरी भी शामिल थीं और इसीलिए इस गुट को एसआरके (सैलजा-रणदीप-किरण) गुट कहा जाता था। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुमारी सैलजा ने चुनाव में टिकट बंटवारे पर सवाल उठाया था और कहा था कि अगर टिकट वितरण ढंग से हुआ होता तो कांग्रेस भिवानी-महेंद्रगढ़ सहित बाकी सीटें भी जीत सकती थी। उनका निशाना सीधे तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर था। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भी लगभग ऐसा ही हुआ था जब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक तंवर ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया था। अशोक तंवर ने भी हुड्डा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए थे कि जिन नेताओं को राहुल गांधी ने आगे बढ़ाया है उन्हें खत्म करने की साजिश रची जा रही है। अशोक तंवर युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद भी रहे थे। उन्होंने इस बार बीजेपी के टिकट पर सिरसा से चुनाव लड़ा था लेकिन कुमारी सैलजा से हार गए थे।

**पवन उप्रेती**



हरियाणा कांग्रेस में बड़ी सेंधमारी करते हुए बीजेपी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी को पार्टी में शामिल कर लिया है। किरण चौधरी के साथ ही उनकी बेटी और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भी बीजेपी में शामिल हो गई हैं। हरियाणा में 4 महीने के अंदर विधानसभा के चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के लिए अच्छे और बीजेपी के लिए खराब रहे हैं।

पहले जानते हैं कि किरण चौधरी और श्रुति चौधरी कौन हैं। किरण चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की बहू हैं। वह पांच बार विधायक रही हैं और 2019 में भिवानी जिले की तोशाम सीट से जीती थीं। किरण चौधरी दो बार हरियाणा में कैबिनेट मंत्री रही हैं और नेता विपक्ष जैसे बड़े पद पर भी उन्होंने काम किया है। हरियाणा से लगते हुए प्रदेश दिल्ली में भी वह विधायक और डिप्टी स्पीकर का पद संभाल चुकी हैं। इससे पता चलता है कि किरण चौधरी हरियाणा की सियासत में बड़ा नाम हैं।

किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी 2009 के लोकसभा चुनाव में भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बनी थीं लेकिन 2014 और 2019 में उन्हें यहां से हार मिली थी। श्रुति चौधरी इस बार भी भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव में टिकट की दावेदार थीं लेकिन पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी और विधायक राव दान सिंह को उम्मीदवार बनाया था। राव दान सिंह को चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर सिंह के हाथों हार मिली है।

किरण चौधरी और उनकी बेटी के पार्टी छोड़ने के कारण हरियाणा कांग्रेस में चल रही गुटबाजी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले फिर से सामने आ गई है। किरण चौधरी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए पत्र में इस ओर स्पष्ट रूप से इशारा भी किया है। उन्होंने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को एक निजी जागीर की तरह चलाया जा रहा है और दूसरे लोगों को अपमानित किया जा रहा है।

हरियाणा कांग्रेस में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान का एक गुट है जबकि दूसरा गुट राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का है। इस गुट में किरण चौधरी भी शामिल थीं और इसीलिए इस गुट को एसआरके (सैलजा-रणदीप-किरण) गुट कहा जाता था। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुमारी सैलजा ने चुनाव में टिकट बंटवारे पर सवाल उठाया था और कहा था कि अगर टिकट वितरण ढंग से हुआ होता तो कांग्रेस भिवानी-महेंद्रगढ़ सहित बाकी सीटें भी जीत सकती थी। उनका निशाना सीधे तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर था।

2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भी लगभग ऐसा ही हुआ था जब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक तंवर ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया था। अशोक तंवर ने भी हुड्डा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए थे कि जिन नेताओं को राहुल गांधी ने आगे बढ़ाया है उन्हें खत्म करने की साजिश रची जा रही है। अशोक तंवर युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद भी रहे थे। उन्होंने इस बार बीजेपी के टिकट पर सिरसा से चुनाव लड़ा था लेकिन कुमारी सैलजा से हार गए थे। अशोक तंवर के पार्टी छोड़ने के बाद भी कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया था और इसका श्रेय हुड्डा को दिया गया था।

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे साफ बताते हैं कि हरियाणा में जाट बेल्ट वाली सीटों यानी- सोनीपत, रोहतक, हिसार में बीजेपी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों को जीतने वाली बीजेपी इस बार तीनों जगह हार गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजे यह भी बताते हैं कि बीजेपी के लिए विधानसभा चुनाव में लड़ाई आसान नहीं रहेगी। बीजेपी 2014 में हरियाणा में सरकार बनाने के बाद से ही गैर जाट नेताओं को मुख्यमंत्री बनाते आई है। पहले मनोहर लाल खट्टर और अब नायब सिंह सैनी के रूप में उसने गैर जाट नेताओं को ही मुख्यमंत्री बनाया है। हरियाणा से केंद्रीय मंत्रिमंडल में चुने गए तीनों सांसद- मनोहर लाल खट्टर, कृष्ण पाल गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह गैर जाट बिरादरी से ही आते हैं। हरियाणा में 25 प्रतिशत आबादी जाट मतदाताओं की है। इसलिए ऐसा नहीं है कि पार्टी इतनी बड़ी आबादी वाले जाट वोट बैंक को नजरअंदाज करने का जोखिम उठाएगी।इसलिए ऐसी चर्चा है कि हरियाणा में खाली हुई राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव में बीजेपी किरण चौधरी को उम्मीदवार बना सकती है और किरण चौधरी की विधानसभा सीट खाली होने पर वहां से श्रुति चौधरी को मैदान में उतार सकती है।

बड़ा सवाल यही है कि किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के आने से बीजेपी को क्या फायदा मिलेगा? किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के बीजेपी में शामिल होने से बीजेपी को भिवानी और महेंद्रगढ़ जिले की विधानसभा सीटों पर फायदा मिल सकता है। इन विधानसभा में तोशाम, लोहारू, चरखी दादरी, भिवानी, बाडढा के साथ महेंद्रगढ़ जिले की नारनौल, नांगल चौधरी और अटेली सीट शामिल हैं।

चौधरी बंसीलाल हरियाणा में जाट राजनीति के बड़े चेहरे थे। भिवानी-महेंद्रगढ़ की विधानसभा सीटों के अलावा बंसीलाल के समर्थक जाट मतदाताओं के वोट भी बीजेपी को मिल सकते हैं।

हरियाणा अपनी लालों की राजनीति के लिए मशहूर है। यहां के तीन पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल, चौधरी भजनलाल और चौधरी बंसीलाल को हरियाणा और हरियाणा से बाहर भी जाना पहचाना जाता है। पिछले कुछ सालों में एक और लाल मनोहर लाल खट्टर का नाम भी इस सूची में जुड़ा है।

किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के बीजेपी में शामिल होने से बंसीलाल परिवार की सियासी विरासत अब बीजेपी के साथ है। जबकि चौधरी भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई पहले से ही बीजेपी में हैं। देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला भी बीजेपी में हैं और इस चुनाव में हिसार से लड़े थे लेकिन हार गए।

हरियाणा कांग्रेस में 90 फीसदी विधायक हुड्डा के साथ माने जाते हैं जबकि पांच में से चार सांसद ऐसे हैं, जिन्हें भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सिफारिश पर टिकट मिला था। इसमें सतपाल ब्रह्मचारी सोनीपत से, जयप्रकाश हिसार से, वरुण चौधरी अंबाला से और हुड्डा के बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम शामिल है।

बीजेपी के लिए हरियाणा में सबसे बड़ी मुश्किल किसानों की नाराजगी का मुद्दा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान उसके उम्मीदवारों को कई जगहों पर किसानों के पुरजोर विरोध का सामना करना पड़ा था। ऐसे में देखना होगा कि क्या विधानसभा चुनाव में भी किसान बीजेपी का विरोध करेंगे या भाजपा उन्हें शांत कर पाएगी?

## टाइम मैनेजमेंट का यह है शानदार तरीका...

**अतुल चतुर्वेदी**

संसार में समय का महत्त्व बहुत से लोग जानते हैं। अक्सर बुजुर्ग और अनुभवी लोग, जिन्होंने स्वयं जवानी में काफी समय बर्बाद किया होता है, अपना उदाहरण देते हुए समय की उपयोगिता का उपदेश देते हैं, लेकिन कोई भी उदाहरण तब तक प्रभावी नहीं होता, जब तक आप उसको अपनाकर उदाहरण पेश न करें। आज की युवा पीढ़ी ही नहीं, घर की महिलाओं और बुजुर्गों के पास समय व्यतीत करने और वक्त काटने के कई संसाधन मौजूद हैं। हालांकि यह सब संसाधन समय की बर्बादी के अस्त्र-शस्त्र ही हैं। मोबाइल या कंप्यूटर पर निरुद्देश्य कुछ न कुछ खोजते या देखते रहना, ओटीटी चैनलों या वेबसाइटों और अन्य टीवी चैनलों पर कार्यक्रम, मोबाइल पर गेम की लत आदि ऐसे ही समय खपाने वाले साधन हो चुके हैं। समय को गंवाना दरअसल जीवन के उन अवसरों को गंवाना है जो आपका भविष्य पलट सकते हैं। समय वह मूल्यवान संपत्ति है, जिसे गंवाने के बाद पूर्ति हम कभी भी नहीं कर सकते। विदेश में समय की पाबंदी पर बहुत महत्त्व दिया जाता है, जबकि हमारे देश में समय पर किसी काम को पूरा करने, कहीं पहुंचने को लेकर एक प्रकार की उदासीनता पाई जाती है। समय को लेकर आमतौर पर लापरवाही का बर्ताव देखा जाता है। अमूमन बैठकों या मीटिंग में देर से पहुंचना और काम को समय पर पूरा न करना सामान्य आदतें हैं, जो कर्मचारियों में देखी जा सकती हैं। सरकारों का रवैया भी इस संदर्भ में बहुत उपेक्षा से भरा हुआ है। जन सामान्य में कहावत है कि आखिर सरकारी काम है। सरकारी काम के बारे में माना जाता है कि चलताऊ रवैया और धीमी गति। ऐसे आरोप आम रहे हैं कि सुबह का मूल्यवान समय आमतौर पर कर्मचारी बातचीत, चाय-पानी और अखबार पढ़ने में व्यतीत कर देते हैं। हालांकि ऐसे कर्मचारियों के बीच ही कई लोग बेहद कर्मठ भी होते हैं।

समय को बचाने के लिए कई पुस्तकें 'टाइम मैनेजमेंट' यानी वक्त का प्रबंधन पर लिखी गई हैं। समय प्रबंधन के लिए कुछ लोग सलाह देते रहे हैं। मसलन समय को बचाने के लिए हमें पहले से ही रूपरेखा बना लेनी चाहिए। एक रात पहले ही सुबह संपन्न किए जाने वाले कार्यों की सूची बना लेनी चाहिए। एक-सी प्रकृति के कार्य एक साथ कर लेने चाहिए। जिस बहुउद्देश्यीय या बहुआयामी काम को कारपोरेट जगत में बहुत उपयोगी और अनिवार्य माना जाता है, उसको लेकर कुछ विद्वान नकारात्मक विचार रखते हैं। कई काम एक साथ करना व्यक्ति को एक चीज पर केंद्रित नहीं रहने देती और इससे उसकी एकाग्रता में कमी आती है। इससे हम लंबे और गंभीर काम नहीं कर सकते हैं। इस तरह एक साथ कई काम करने से विचार करने और सोचने-समझने की क्षमता या आइक्यू भी कम होता है।

समय की बर्बादी को कम करना है तो हमें फोन पर भी संक्षिप्त बातचीत करनी चाहिए। सीधे बातचीत के मूल मुद्दे पर आना चाहिए, न कि एक छोटी बात कहने के लिए लंबी भूमिका बनाते रहें। ध्यान रखने की जरूरत है कि दुनिया उनका ही ध्यान रखती है जो अपने समय का ध्यान रखते हैं और समय कभी सबका एक तरह नहीं रहता। कहा जाता है कि एक वक्त के बाद किसी के भी दिन फिरते हैं। तो क्या नैनो सेकंड की गणना करने वाली दुनिया में हमारे पास इतना समय है कि हम दस या बारह वर्ष या इससे ज्यादा का इंतजार किस्मत के भरोसे करते रहें। कवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था- 'संसार में किसका समय है एक-सा रहता सदा, हैं निशि-दिवा-सी घूमती सर्वत्र विपदा-संपदा।' यानी समय परिवर्तनशील है। वह बदलता रहता है। मगर समय उनका ही बदलता है जो इसको कर्म की ताकत से बदलने की चाहत रखते हैं। हाथ पर हाथ धरे भाग्यवादियों का समय कभी नहीं बदलता। समय को बदलने के लिए साहस भी चाहिए और दृढ़ संकल्प शक्ति भी। नियम और अनुशासन भी चाहिए।

इससे संबंधित एक अहम पहलू यह है कि समय के महत्त्व को न केवल हमें समझना होगा, बल्कि दूसरे के समय की कीमत भी पहचाननी होगी। कामकाजी पेशेवर, चिकित्सक, कलाकार और वकील आदि के पास समय की बहुत कमी होती है और इसे हमें व्यस्तता का अभिनय नहीं, उसकी मजबूरी समझ कर सम्मान करना चाहिए। हम जीवन का बहुत-सा हिस्सा व्यर्थ की बातों में गप्पें मारने, सोने और आलस में बर्बाद कर देते हैं। समय की अहमियत तब समझ में आती है, जब कुछ पल की देरी की वजह से हम कई बेहद अहम अवसर चूक जाते हैं। याद कर सकते हैं किसी खिलाड़ी के सेकंड के सौवें हिस्से से किसी पदक से चूक जाना।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती



शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सद्भावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एपकरें, कॉल न करें।
व्हाट्सऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीओ में बढ़ रही धांधली पर लगेगी रोक, सेबी ने दिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेबी ने आईपीओ में बढ़ रही धांधली पर रोक लगाने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए नियामक ने स्टॉक एक्सचेंजों को प्री-ओपन कॉल नीलामी सत्र में दुरुपयोग रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया है।

आईपीओ शेयरों के कारोबार में लगातार धांधली बढ़ रही है। इस बढ़ती धांधली पर अब रोक लगाई जाएगी। इसके लिए सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों को प्री-ओपन कॉल नीलामी सत्र में दुरुपयोग रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया है। आईपीओ शेयरों के कारोबार में बढ़ती धांधली पर रोक लगाई जाएगी। इसको रोकने के लिए सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों को प्री-ओपन कॉल नीलामी सत्र के दुरुपयोग रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। जारी निर्देश के तहत आईपीओ के शेयरों का पहले दिन का कारोबार सत्र सुबह नौ से 10 बजे तक होगा।

इसमें 45 मिनट ऑर्डर एंट्री, बदलाव और रद्दीकरण के लिए होगा। 10 मिनट ऑर्डर मिलान और व्यापार पुष्टिकरण के होंगे। 5 मिनट प्री-ओपन से सामान्य सत्र में जाने के लिए होगा। बता दें कि सेबी ने हाल में अपनी जांच के दौरान पाया कि कुछ आईपीओ शेयरों के लिए प्री-ओपन सत्र में कॉल नीलामी के दौरान बड़ी मात्रा में ज्यादा भाव पर ऑर्डर दिए गए थे। इससे शेयरों की कीमतों में हेरफेर कर आम निवेशकों को चूना लगाया जाता था। वहीं दूसरी ओर सेबी ने सूचीबद्ध निवेश कंपनियों और निवेश होल्डिंग कंपनियों के शेयरों के लिए मूल्य दायरा को खत्म कर दिया है। इसे अक्तूबर में शुरू किया जा सकता है।

### दिन में ही 43 प्रतिशत चढ़ गया छोटकू शेयर, क्वांट एमएफ ने खरीदे कंपनी के 120000 शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को तूफानी तेजी आई है। ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया के शेयर शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 19 पर्सेंट की तेजी के साथ 558 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेजी क्वांट म्यूचुअल फंड के दांव के बाद आई है। क्वांट म्यूचुअल फंड ने ओपन मार्केट के जरिए ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया में 1 पर्सेंट से कम हिस्सेदारी खरीदी है। क्वांट म्यूचुअल फंड ने 20 जून को ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया के शेयर 453.57 रुपये प्रति शेयर के दाम पर खरीदे हैं।

ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों में पिछले 2 दिन में 43 पर्सेंट की तेजी आई है। क्वांट म्यूचुअल फंड ने गुरुवार को ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया के 120000 शेयर या 0.52 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी है। क्वांट म्यूचुअल फंड ने यह हिस्सेदारी 5.44 करोड़ रुपये में खरीदी है। ह्यूबैक कलरैंट्स इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 654.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 300 रुपये है।

### 1 लाख रुपये के बना दिए 10 लाख से ज्यादा, 2 साल में सरकारी शेयरों ने किया मालामाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनियों के शेयरों ने पिछले कुछ साल में गजब का रिटर्न दिया है। सरकारी कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशक मालामाल हो गए हैं। सरकारी कंपनियों में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, कोचीन शिपयार्ड और रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों ने पिछले 2 साल में 1500 पर्सेंट तक का रिटर्न दिया है। इन कंपनियों के शेयरों ने पिछले 2 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 10 लाख रुपये से ज्यादा बना दिया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में पिछले 2 साल में 1500 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। सरकारी कंपनी के शेयर 24 जून 2022 को 245.20 रुपये पर थे। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 21 जून 2024 को 4017.90 रुपये पर पहुंच गए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 24 जून 2022 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 16.38 लाख रुपये होती।

# अंबानी, अडानी, टाटा... एक बिहारी सब पर भारी, अनिल अग्रवाल की वेदांता ने कमाई में सबको पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता ग्रुप ने इस साल कमाई के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप को पीछे छोड़ दिया है। ग्रुप की कंपनियों में वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड शामिल हैं। चालू फाइनेंशियल ईयर में वेदांता ग्रुप के निवेशकों की वेल्थ में काफी इजाफा हुआ है। इस दौरान दोनों कंपनियों का कंबाइंड मार्केट कैप 2.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 28 मार्च से 20 जून के बीच वेदांता समूह के कुल बाजार पूंजीकरण में 2.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप जैसे देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। मेटल किंग के नाम से मशहूर अनिल अग्रवाल की जन्म पटना में एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक के शेयरों के भाव अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से लगभग दोगुने हो गए हैं। इस दौरान गौतम अडानी की अगुवाई वाले अडानी ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप के मार्केट कैप में 1.4 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई। इसी तरह देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप का बाजार पूंजीकरण 60,600 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ा जबकि एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 20,656.14 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई।



**वेदांता का प्रदर्शन-** वेदांता ने वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत के एबिटा मार्जिन के साथ 1,41,793 करोड़ रुपये का अपना दूसरा सर्वाधिक राजस्व और 36,455 करोड़ रुपये का एबिटा अर्जित किया था। वेदांता ग्रुप ने निकट भविष्य में 10 अरब डॉलर की एबिटा आय के लिए एक रणनीतिक खाका तैयार किया है जिसमें जिंक, एल्युमीनियम, तेल एवं गैस और बिजली कारोबार सहित 50 से अधिक वृद्धि परियोजनाओं का समय पर क्रियान्वयन शामिल है। वेदांता ग्रुप में एफआईआई की हिस्सेदारी मार्च तिमाही के अंत में बढ़कर 8.77 प्रतिशत हो गई जबकि दिसंबर तिमाही में यह 7.74 प्रतिशत थी। 22 मई को वेदांता और हिंदुस्तान जिंक के शेयर ऑल-टाइम हाई पर पहुंचे थे। गुरुवार को वेदांता का शेयर 4.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 470.25 रुपये और हिंदुस्तान जिंक 2.29 प्रतिशत चढ़कर 647.65 रुपये पर पहुंच गया।

**अनिल अग्रवाल का सफर-** अनिल अग्रवाल ने 20 साल की उम्र में ही बिहार छोड़ दिया था और खाली हाथ मुंबई आ गए थे। उनके पास उस समय केवल एक टिफिन बॉक्स था। मुंबई आकर उन्होंने जमकर मेहनत की। साल 1970 में उन्होंने कबाड़ के धंधे से अपने कारोबारी करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपनी पहली कंपनी की स्थापना की, जिससे उन्हें अच्छी-खासी कमाई हुई। साल 1976 में अग्रवाल ने शमशेर स्टर्लिंग केबल कंपनी को खरीदा। लेकिन बाद में धंधा नहीं चला तो उनके पास कर्मचारियों को सैलरी देने तक के पैसे नहीं बचे। इसके बाद अनिल अग्रवाल ने 9 अलग-अलग बिजनस शुरू किये, लेकिन सभी फेल हो गए। उन्होंने अपने शुरुआती 20-30 साल संघर्ष में बिताए। कैंब्रिज में अपने एक संबोधन में अग्रवाल ने बताया था कि वह कई साल तक डिप्रेशन में रहे थे। वे लगातार कोशिश करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली।

इसके बाद साल 1986 में भारत सरकार ने टेलीफोन केबल बनाने के लिए प्राइवेट सेक्टर को मंजूरी दे दी। इससे पहले 1980 में अग्रवाल ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज को खरीद लिया था। इसके बाद साल 1990 में अग्रवाल ने कॉपर रिफाइंड का काम शुरू किया। स्टरलाइट इंडस्ट्रीज देश की पहली ऐसी प्राइवेट कंपनी थी, जो कॉपर रिफाइन करने का काम करती थी। इसके बाद अग्रवाल लगातार सफलता की नई कहानी लिखते चले गए। वेदांता रिसोर्सेज एक नेचुरल रिसोर्सेज कंपनी है जिसकी दुनियाभर में मौजूदगी है। यह मिनरल्स, ऑयल एंड गैस को निकालती है और प्रोसेस करती है। कंपनी के करीब 64 हजार कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर्स हैं। मुख्य रूप से यह कंपनी भारत, अफ्रिका, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में है। दुनियाभर में कंपनी के प्रोडक्ट्स बिकते हैं।

## डीएवीवी पीजी काउंसलिंग : बाहर से आए अभिभावक परेशान

इन्दौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में पीजी काउंसलिंग का दौर चल रहा है। विद्यार्थी और अभिभावक खंडवा रोड केंपस में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां पर दस्तावेज सत्यापन के बाद फोटोकॉपी को लेकर कैंपस से बाहर आना पड़ रहा है। बाहर से आए लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। कैंपस में ई रिक्शा चलाने की मांग की जा रही है। यूनिवर्सिटी के प्रमुख विभागों में सीयूईटी पीजी काउंसलिंग में एमबीए फाइनेंस, मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, फाइनेंशियल सर्विसेज की डिमांड विद्यार्थियों में ज्यादा है। इन विभागों की सीटें तकरीबन पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही एमबीए एचआर, बिजनेस इकोनॉमिक्स और टूरिज्म की और छात्रों का रुझान कम है इसलिए यह सिटे खाली रही है। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थी और अभिभावकों को असल दस्तावेज की फोटोकॉपी के लिए भंवरकुआं चौराहे तक तक दौड़ लगाना पड़ रही है।



दरअसल, यूनिवर्सिटी कैंपस के अंदर परिसर बड़ा होने के कारण मुख्य द्वार के बाद ही पब्लिक व्हीकल की सुविधा मिलती है। अभिभावकों का कहना है कि परिसर के अंदर ई-विकल चलाए जाने चाहिए जिससे कि आने जाने में आसानी हो सके। प्रभारी कन्हैया आहूजा का कहना है कि चयनित विद्यार्थियों को अपनी फीस जमा करने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है समय सीमा में फीस जमा करना अनिवार्य है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से नाम सीयूईटी कोर्सेस में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के नाम और सूची जारी कर दी गई है। प्रभारी माया इंग्ले ने बताया जिन विभागों में सिटे खाली है वहां पर सीएलसी राउंड के तहत भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के पोर्टल पर जानकारी से अपडेट हो सकते हैं।

## पंजाब नेशनल बैंक अलर्ट :अगर पिछले तीन सालों में नहीं किया कोई लेनदेन तो 1 जुलाई से बंद हो जाएगा अकाउंट

देश के दूसरे सबसे बड़ा सरकारी बैंक के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। अगर आपका भी खाता क्क्क्कमें हैं तो ये खबर आपके काम की है। बता दें कि बैंक उन बचत खातों को बंद करने जा रहा है, जिनमें ग्राहक ने पिछले तीन सालों में कोई लेनदेन नहीं किया है। इस फैसले का असर उन खातों पर पड़ेगा, जो बिना किसी बैलेंस के बेकार पड़े हैं। बैंक ने इन खातों में पैसे रखने और उन्हें चालू करने के लिए 30 जून की डेडलाइन तय की है यानि कि 1 जुलाई से आपका खाता बंद कर दिया जाएगा।

**ये खाता होगा प्रभावित:** बता दें कि वे खाते दिन में पिछले तीन वर्षों में कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुए हैं उन खातों को बंद कर दिया जाएगा। वे बैंक खाता जिनका शेष राशि लगातार 3 वर्षों से जीरो बने हुए हैं उन खातों को भी बंद कर दिया जाएगा। बैंक खाता बंद करने से पहले पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ऐसे सभी प्रभावित खाता धारकों को पहले ही सूचना भेज दी गई है। बता दें कि बैंक की तरफ से हाल ही में आपको आपको एक नोटिस प्राप्त हुआ होगा जिसमें खाता बंद करने की संभावना के बारे में बताया गया होगा। ऐसे बैंक खातों का मिसयूज रोकने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है। ऐसे सभी बैंक खातों की कैलकुलेशन 30 अप्रैल के आधार पर की जा रही है। बैंक ऐसे खातों को 30 जून के बाद बिना किसी नोटिस के बंद कर देगा। हालांकि इसमें उन अकाउंट को शामिल नहीं किया गया है, जो डीमैट खातों से लिंक्ड हैं या फिर 25 साल से कम उम्र के छात्रों या नबालिगों का है या फिर सरकारी स्कीम्स के तहत खोली गई है।

**30 जून से पहले करा लें केवाईसी:** ई-केवायसी से जुड़े सभी दस्तावेज लेकर संबंधित ब्रांच में जाकर उसे जमा करवाना होगा। केवाईसी के जरूरी दस्तावेजों में पहचान पत्र जैसे की पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एंड्रेस प्रूफ के लिए जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा।

## 25 जून 2024 को रोजगार मेले का आयोजन, केवल महिला उम्मीदवार ही कर सकेंगी आवेदन

इंदौर । राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इंदौर जिले में युवाओं को प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में नौकरियां दिलाने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नन्दा नगर, इंदौर में 25 जून 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए अपने करियर को आगे बढ़ाने का शानदार अवसर है। कौशल के आधार पर केवल महिला उम्मीदवार इस जॉब के लिए आवेदन कर सकती हैं। इस मेले में ट्रेनिंग ऑफिसर, एसएमओ तथा क्वालिटी चेकर के पदों पर नियुक्ति होगी। 18 वर्ष से 35 वर्ष उम्र की महिलाएं शामिल हो सकती हैं। आवेदक के पास न्यूनतम योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा स्नातक पास अनिवार्य है। कई विश्वस्तरीय कंपनियां आएंगी न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड धार द्वारा एक हजार पदों पर तथा एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हलोल वडोदरा द्वारा 150 पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। एमजी मोटर कंपनी में पेंटिग ट्रेड के युवकों की भर्ती भी की जाएगी।

## हायर एजुकेशन का हब बनेगा एमपी, सभी जिले में खुलेंगे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस - सीएम मोहन यादव

**भोपाल।** मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने घोषणा की कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस 1 जुलाई से राज्य के सभी 55 जिलों में शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि इन कॉलेजों को जिले के गौरव के रूप में देखा जाना चाहिए और उन्हें तहसीलों और नागरिकों से जोड़ा जाना चाहिए। छात्रों को रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के लिए प्रेरित करने और कृषि पाठ्यक्रम शुरू करने का भी आह्वान किया। सीएम ने कहा कि राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को इस तरह से विकसित किया जाना चाहिए कि अन्य राज्यों के छात्र यहां पढ़ने आए। उन्होंने पर्यटन से जुड़े नए पाठ्यक्रम शुरू करने और विश्वविद्यालयों को बहु-संकाय बनाने का भी सुझाव दिया। आगे कहा कि छात्रों को विमानन पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए और राज्य में ड्रोन नीति तैयार की जानी चाहिए। साथ ही कहा कि प्रत्येक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र होगा और छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए बस सुविधा प्रदान की जाएगी।

## आरोपी को राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने की हाई कोर्ट ने दी परमिशन

इंदौर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के एक आरोपी को राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी। हालांकि, आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में है। प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को होने वाली है। जस्टिस विनय सराफ की एकल पीठ ने गुरुवार को जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आरोपी मेश्वर परमार को एमपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने की व्यवस्था करें। बता दें कि रविवार को एमपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा में 1.83 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा 15 उप जिला मजिस्ट्रेट या डिप्टी कलेक्टर और 22 पुलिस उपाधीक्षक सहित 110 पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है। आरोपी ने जमानत की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इंदौर नगर निगम के सहायक लेखा परीक्षक आरोपी मेश्वर परमार को ड्रेनेज घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। परमार ने एमपीपीएससी परीक्षा में बैठने के लिए अस्थायी जमानत की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस सराफ ने कहा, ÷दोनों पक्षों के वकील की दलीलें सुनने और इस तथ्य पर विचार करने के बाद कि परीक्षा 23 जून को होनी है और एडमिट कार्ड की प्रति रिकॉर्ड में उपलब्ध है, मेरा विचार है कि आवेदक को पुलिस हिरासत में उक्त परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है।÷

## हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न से रिकॉर्ड 25 भारतीय स्टार्टअप बाहर; 38 नई कंपनियों को मिली जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न सूची-2024 में रिकॉर्ड 25 भारतीय स्टार्टअप बाहर हो गए हैं। तब जब देश के फ्यूचर यूनिकॉर्न का कुल मूल्यांकन बढ़कर 58 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। ये सालाना आधार पर 1.8 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि 38 नए स्टार्टअप (फ्यूचर यूनिकॉर्न) इस सूची में पहली बार शामिल हुए हैं।

एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न सूची-2024 बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसके मुताबिक फंडिंग विंटर, वित्तीय नियामकों की ओर से की गई कार्रवाई और उद्यमों की लाभप्रदता के प्रति पूर्वाग्रह की वजह से ये स्टार्टअप बाहर हुए हैं। 25 स्टार्टअप में पांच गजेल (50 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्यांकन) और 20 चीता (20 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्यांकन) भी शामिल हैं, जिनमें तीन से पांच साल में यूनिकॉर्न बनने की संभावना थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 की सूची में जो 38 नए स्टार्टअप शामिल हुए हैं, उनमें सात गजेल और 37 चीता शामिल हैं।

अभी देश में कुल 67 यूनिकॉर्न देश में यूनिकॉर्न और गजेल की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि चीता की संख्या बढ़ी है। वर्तमान में भारत में कुल 67 यूनिकॉर्न है, जिनकी संख्या 2023 में 68 थी। गजेल की संख्या भी 2023 के 51 की तुलना में घटकर 46 रह गई है। हालांकि, चीता की संख्या 96 से बढ़कर 106 पहुंच गई है।

**ये यूनिकॉर्न हुए बाहर-** डुंजो, प्रैक्टो, रैपिडो, कोगोपोर्ट, नियोग्रोथ, सिंपल एनर्जी, गाना, कू, बिजोंगो जों, जार, पार्क प्लस, पेपर बोट, जय किसान, डॉटपे, फैशिन्जा, आरजू, अवतार, सिरियनलैब्स, वेकूल, एक्सियो, मेलोरा, अल्ट्रा वॉयलेट, एमफाइन और रिन्यूबाय।

**152 स्टार्टअप भविष्य में बन सकते हैं यूनिकॉर्न-** 31 शहरों से 152 ऐसे स्टार्टअप पाए गए, जिनमें भविष्य में यूनिकॉर्न बनने की संभावना है। ये वित्तीय सेवा, बिजनेस मैनेजमेंट सॉल्यूशंस, शिक्षा और हेल्थकेयर क्षेत्र में काम करते हैं। अधिकांश स्टार्टअप की शुरुआत 2015 में हुई है। इनमें सिर्फ 18 ऐसे हैं, जो फिजिकल रूप से उत्पाद बेचते हैं।

**विदेश में 35 यूनिकॉर्न के मुख्यालय-** 35 भारतीय फ्यूचर यूनिकॉर्न के मुख्यालय विदेश में हैं। इनमें 31 के मुख्यालय अमेरिका में, दो सिंगापुर में और एक-एक यूके एवं वियतनाम में हैं।

**प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को पहली छमाही में 4.1 अरब डॉलर फंडिंग-** भारतीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने 2024 की पहली छमाही में कुल 4.1 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह राशि 2023 की दूसरी छमाही में जुटाए गए 3.96 अरब डॉलर की तुलना में चार फीसदी अधिक है, जबकि पिछले साल की समान छमाही के 4.8 अरब डॉलर से 13 फीसदी कम है। ठ ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, 4.1 अरब डॉलर के साथ भारत अब भी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप परिदृश्य में दुनिया में चौथा सबसे अधिक फंडिंग पाने वाला देश बना हुआ है। ठ कुल फंडिंग पाने में अमेरिकी स्टार्टअप सबसे आगे रहे हैं। ब्रिटेन दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर है।

## RBI governor urges urban co-op banks to ensure proper loan underwriting, recovery practices

The Reserve Bank of India governor Shaktikanta Das urged boards of select large urban co-operative banks (UCBs) of western zone to ensure proper credit underwriting standards, review and follow up on recovery of non-performing assets. In his address to a conference of UCB boards, Das highlighted the critical importance of robust governance and the role of the board of directors to ensure the same. “Governor urged Boards of UCBs to ensure proper credit underwriting standards, review and follow up on recovery of non-performing assets as well as prudently manage liquidity risk. Shri Das also touched upon aspects of capacity building, especially with respect to IT and cyber security,” the RBI said in a statement.

RBI deputy governor Swaminathan J highlighted the pivotal role UCBs in providing last mile connectivity to the unbanked population. He also focused on the consequent need to enhance UCBs financial and operational resilience for sustenance of overall systemic stability. Additionally, the conference included sessions on IT and cybersecurity, governance and assurance functions, as well as supervisory and regulatory expectations. Earlier, deputy governor M Rajeshwar Rao stressed the need for effective governance, the importance of the internal audit function in early detection of irregularities, and the need for leveraging technology.

## UGC-NET Cancellation: Telegram Confirms Blocking Paper Leak Channels, Says Cooperating With Investigation

Social media platform Telegram on Friday said it has taken decisive action against channels involved in leaking the University Grants Commission-National Eligibility Test (UGC-NET) paper which forced the cancellation of the competitive exam. The cloud-based instant messaging service platform told media: “We have blocked all channels which were involved in the circulation of unauthorised content related to the papers. We are supporting the government authorities in their investigations, in compliance with the law of the land.” “Whenever we receive a complaint at any of our helpdesks regarding the legality of public content, we perform the necessary legal checks and take it down as per the guidelines of the IT Act 2000,” it added. The response follows allegations that Telegram was the medium through which the UGC-NET question paper was leaked.

The UGC-NET, 2024, exam for the selection of junior research fellows, assistant professors and PhD scholars was conducted by the National Testing Agency (NTA) on June 18 in two shifts across the country. The next day, the University Grants Commission received inputs from the National Cyber Crime Threat Analytics Unit of the Indian Cyber Crime Coordination Centre (l4C), which functions under the Union Home Ministry, that the paper was available on the darknet and was allegedly being sold on messaging platforms. On Thursday, the CBI registered an FIR into the UGC-NET paper leak case against unidentified persons on a reference from the Union Education Ministry. Addressing a press conference, Union Education Minister Dharmendra Pradhan had confirmed that the leaked question paper circulated on Telegram matched the original. “Fresh examination shall be conducted, for which information shall be shared separately,” the government has said.

The CBI will reportedly work in close coordination with the I4C while initiating its own darknet exploration softwares and systems to nail down the perpetrators. According to the complaint from the Education Ministry, the inputs from I4C, “prima-facie indicate that the integrity of the examination may have been compromised”, officials said. It was also reported that multiple links were shared with the Education Ministry, where the material was for sale. The paper was made available to several groups many days before the exam. Meanwhile, screenshots of some Telegram groups, chats, and payments have also been shared on social media.



# घर में पालना चाहते हैं तोता, तो रखें वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान

**वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है।**

वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है। कई लोगों को घर में तोता पालना अच्छा लगता है, लेकिन क्या आपको पता है कि यह घर के लिए शुभ है या नहीं।

## वास्तु शास्त्र के अनुसार तोता पालना शुभ या अशुभ

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में तोता पालने से सकारात्मकता का माहौल बनता है। यह घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर देता है। तोते का बोलने घर के लिए शुभ माना जाता है।

## तोता को घर में रखनी की दिशा

वास्तु शास्त्र के नियमों को मानें तो तोते को उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखा जा सकता है। उत्तर दिशा बुध ग्रह की दिशा होती है। बुद्ध बुद्धि के प्रतीक समझें जाते हैं। ऐसे में इस दिशा में तोते को रखने से बच्चों का पढ़ाई में मन लगा रहेगा। पूर्व दिशा को माना जाता है कि वह सूर्य की दिशा है। सूर्य शक्ति और सफलता के प्रतीक हैं। ऐसे में इस दिशा में तोता रखने से आपके घर में समृद्धि का वास होगा।

पिंजरे में तोता रखना सही या गलत

तोता को पिंजरे में रखने के बाद यह जरूर देखें कि वह खुश तो है। ऐसा माना जाता है कि तोता अगर पिंजरे में रहना पसंद नहीं करता है, तो घर से खुशियां चली जाती हैं। यह आपके घर में नकारात्मकता का माहौल बना देगी।



# कब है कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी

## शुभ मुहूर्त और महत्व

**चतुर्थी के दिन गणेश जी का पूजन किया जाता है। बप्पा को प्रसन्न करने के लिए यह दिन खास होता है। आय, सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। भगवान गणेश के साथ-साथ इस दिन चंद्रमा की पूजा का भी विधान है। चंद्रमा की पूजा के बिना ये व्रत अधूरा माना जाता है।**

मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। हर चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है, इसलिए इस दिन भी विधि-विधान से बप्पा की पूजा की जाती है। साथ ही व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान गणेश की आराधना करने से जीवन में व्याप्त सभी संकट दूर होते हैं। यह चतुर्थी कृष्ण पक्ष में पड़ती है, इसलिए इसे कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है।

### कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी तिथि

पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि मंगलवार को पड़ रही है। इस तरह कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी 25 जून 2024 को मनाई जाएगी। कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी की तिथि 25 जून 2024 को रात 1.23 से प्रारंभ होगी, जो रात 11.10 तक रहेगी। इस दिन भगवान गणेश की पूजा के लिए शुभ समय सुबह 5.30 से 7.08 तक रहेगा। वहीं, शाम में 5.36 से रात 8.36 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस तिथि पर भगवान गणेश की विशेष पूजा करने से सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है। चतुर्थी तिथि के दिन चंद्र देव की भी पूजा की जाती है। यह महत्वपूर्ण होती है। रात के समय चंद्रमा की पूजा की जाती है और इसके बाद व्रत खोला जाता है। संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय रात 11.27 पर होगा।

### कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

- कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए।
- फिर व्रत का संकल्प करें। सूर्य देव को अर्घ्य दें।
- इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई करें।
- फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। भगवान को हल्दी और कुमकुम का तिलक लगाएं।
- चावल और फूल चढ़ाएं। घी का दीपक जलाएं।
- बप्पा को मोदक, मिठाई और फल का भोग लगाएं।
- भगवान गणेश के मंत्रों का जाप करें।



# शुक्र ग्रह कमजोर होने पर घट जाती है सुंदरता ऐसे करें मजबूत

**शुक्र ग्रह को सुंदरता का कारक माना जाता है। शुक्र यदि कमजोर हो तो सुंदरता घट जाती है। यदि कुछ उपाय किए जाए जो शुक्र ग्रह को कुंडली में मजबूत किया जा सकता है।**

ज्योतिष शास्त्र में नव ग्रहों का विशेष स्थान दिया गया है। प्रत्येक ग्रह के अपने अलग-अलग कारक होते हैं। साथ ही ग्रहों का जातकों के जीवन में भी अलग-अलग असर पड़ता है। शुक्र ग्रह का भी ज्योतिष में विशेष महत्व बताया गया है। शुक्र कमजोर हो, तो आंखों में परेशानी होने लगती है। साथ ही मधुमेह की बीमारी हो सकती है। शुक्र ग्रह को महिलाओं के लिए काफी शुभ माना गया है। इस ग्रह को महिलाओं की सुंदरता से जोड़कर देखा जाता है। माना जाता है कि जिस महिला की कुंडली में शुक्र शुभ होता है, वे काफी सुंदर होती हैं। वहीं जब शुक्र कमजोर हो तो इसका शरीर पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यहां आपको बताते हैं शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत है और इसे कैसे मजबूत किया जा सकता है।

### शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत हैं

- चेहरे पर मुंहासों का अचानक निकलना शुक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है।
- चेहरे पर इंफेक्शन भी शुक्र कमजोर होने का संकेत है।

### ऐसे मजबूत करें शुक्र ग्रह

- शुक्रवार के दिन सफेद रंग के कपड़े पहनने चाहिए
- सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना शुभ होता है
- शुक्र यंत्र को घर में स्थापित करना चाहिए
- सफेद गाय को चारा खिलाने से शुक्र के प्रकोप से मुक्ति मिलती है
- केमिकल वाले परफ्यूम की जगह प्राकृतिक महक वाले इत्र का इस्तेमाल करना चाहिए
- गंदे और फटे-पुराने कपड़े पहनने से शुक्र ग्रह अशुभ फल देता है। ऐसे में इस तरह के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

# शनिदेव को नाराज कर सकती हैं अनजाने में हुई ये गलतियां

शनिदेव व्यक्ति के अपराधों की सजा महादशा, ढैया या साढ़ेसाती के दौरान देते हैं। शनिदेव की वक्र दृष्टि से वही जातक बच पाता है जिसने निम्नलिखित 8 में से कोई भी कार्य नहीं किया हो। कहते हैं कि शनिदेव की नाराजगी व्यक्ति को एक झटके में बर्बाद कर देती है। यदि आप भी ये 8 गलतियां कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। शनिदेव डालते हैं इन पर अपनी वक्र दृष्टि :

- यदि आप ब्याज का धंधा करते हैं तो एक ना एक दिन आप पर शनिदेव की वक्र या कहें कि तिरछी दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला से संबंध रखते हैं तो निश्चित ही एक दिन शनिदेव की वक्री दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप नियमित शराब पीते हैं और खासकर मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, प्रदोष काल, एकादशी, चतुर्थी, अमावस्या, पूर्णिमा के दिन शराब पीते हैं तो बहुत जल्द आप शनिदेव की दृष्टि की चपेट में आएंगे।
- यदि आप किसी गरीब, सफाईकर्मी, दिव्यांग, विधवा, अबला आदि को सताते हैं या उनका अपमान करते हैं तो आप तैयार रहें शनि का दंड भुगतने के लिए।
- यदि आप धर्म, देवता, गुरु, पिता और मंदिर का अपमान करते हैं या किसी भी रूप में उनका मजाक उड़ाते हैं तो दंडनायक के दंड का इंतजार करें बहुत जल्द वे हिसाब किताब पूरा कर देंगे।
- यदि आप जुआ या सट्टा खेलते हैं तो पांडवों की तरह वनवास भुगतने या कौरवों की तरह नाश होने के लिए तैयार रहें। आपके जीवन में घटना और दुर्घटना के योग बढ़ जाएंगे।
- अप्राकृतिक रूप से संभोग करना, लिव इन रिलेशनशिप में रहना, अवैदिक विवाह करना और पत्नी को सताने वाला बहुत जल्द शनि की क्रूर दृष्टि की चपेट में आ जाता है।
- झूठी गवाही देना, निर्दोष लोगों को सताना, किसी के पीठ पीछे उसके खिलाफ कोई कार्य करना, चाचा-चाची, माता-पिता, सेवकों और गुरु का अपमान करना, ईश्वर के खिलाफ होना, दांतों को गंदा रखना, तहखाने की कैद हवा को मुक्त करना, भैंस या भैसों को मारना, सांप, कुत्ते और कौवों को सताना इन सभी से शनिदेव नराज होकर व्यक्ति के जीवन को खराब कर देते हैं।
- शनिदेव से बचने का इस कलयुग में मात्र एक ही उपाय है हनुमानजी की भक्ति करना।





**भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से जुड़ी एक पौराणिक आज भी प्रचलित है, जिसके मुताबिक माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु धरती पर भ्रमण के लिए निकले थे। देवी लक्ष्मी के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे। इसके कारण देवी मां को सजा भी भुगतनी पड़ी थी।**

# भगवान विष्णु की यह शर्त पूरी नहीं कर पाई थीं देवी लक्ष्मी, धारण करना पड़ा था गरीब स्त्री का रूप

गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है और गुरुवार व्रत कथा का पाठ भी किया जाता है। भगवान विष्णु को पीला रंग प्रिय है। ऐसे में इस दिन पीले वस्त्र पहनने चाहिए। साथ ही भगवान को पीले रंग की मिठाइयों का भोग भी लगाना चाहिए। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार देवी लक्ष्मी के शर्त न मानने के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे।

### भगवान विष्णु ने रखी थी शर्त

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार श्रीहरि पृथ्वी भ्रमण पर निकले थे। तब देवी लक्ष्मी ने उनसे कहा कि वह भी उनके साथ जाना चाहती हैं। तब विष्णु जी ने कहा कि वे केवल एक शर्त पर ही उनके साथ जा सकती हैं। जब लक्ष्मी जी ने शर्त पूछी तो विष्णु जी ने कहा कि पृथ्वी पर चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, उन्हें उत्तर दिशा की ओर नहीं देखना है। लक्ष्मी जी ने शर्त स्वीकार कर ली और श्रीहरि के साथ चली गईं।

दोनों धरती पर घूम रहे थे, देवी की नजर उत्तर दिशा में पड़ी। वहां इतनी हरियाली थी कि देवी लक्ष्मी बगीचे की ओर चल पड़ीं। उन्होंने वहां से एक फूल तोड़ा और विष्णु जी के पास आ गईं। लक्ष्मी जी को देखते ही विष्णु जी रोने लगे। तब मां लक्ष्मी को विष्णु जी की शर्त याद आई। श्रीहरि ने कहा कि बिना किसी से पूछे किसी भी वस्तु को छूना अपराध माना जाता है। यह सुनकर देवी लक्ष्मी ने अपनी गलती का अहसास किया। उन्होंने माफी मांगी। श्री हरि ने कहा कि केवल बगीचे का माली ही उन्हें माफ कर सकता है। लक्ष्मी जी को माली के घर दासी बनकर रहना होगा। यह सुनकर लक्ष्मी जी तुरंत एक गरीब स्त्री का रूप धारण करके माली के घर चली गईं।

देवी लक्ष्मी ने दिया माली को आशीर्वाद

माली ने देवी लक्ष्मी से कई तरह के काम करवाए। जब माली को पता चला कि वह मां लक्ष्मी हैं, तो वह रोने लगा। उसने देवी लक्ष्मी से कहा कि जो कुछ भी उसने किया, उसके लिए उसे माफ कर दें। तब लक्ष्मी जी ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो कुछ हुआ वह भाग्य था। इसमें किसी का दोष नहीं है। लेकिन माली ने लक्ष्मी जी को अपने परिवार का सदस्य माना, इसलिए उन्होंने जीवनभर के लिए उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। जिसके बाद वे विष्णु लोक लौट आईं।

कैरन्स कप शतरंज

# भारत की हरिका दूसरे स्थान पर कायम




**सैंट लुईस , यूएसए, एजेंसी।** एक माह बाद होने वाले शतरंज ओलंपियाड के ठीक पहले स्बही भारतीय खिलाड़ी दुनिया भर के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में खेल रहे है । भारतीय महिला टीम की बेहद महत्वपूर्ण सदस्य ग्रांड मास्टर द्रोणावल्ली हरिका इस समय यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में चल रहे कैरन्स कप शतरंज के चौंथे संस्करण में दुनिया की नौ अन्य दिग्गज महिला खिलाड़ियों के साथ खेल रही है और राउंड रॉबिन आधार पर हो रहे इस टूर्नामेंट में पाँच राउंड के बाद 3 अंक बनाकर उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है । चीन की तीन ज़्होंगाई 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है ।

हरिका नें दूसरे राउंड में स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक को मात दी थी जबकि अन्य चार मुकाबलों में उन्होने जॉर्जिया की नाना दगनिडजे , यूएसए की एलिस ली ओर इरिना कृश और उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ बाज़ियाँ ड्रॉ खेली है । वहीं शारजाह मास्टर्स में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए उन्होने अब तक अपनी फीडे रेटिंग में इस टूर्नामेंट में 3 अंको का सुधार किया

# स्पेन ने इटली को 1-0 से हराकर यूरो कप के राउंड 16 में जगह बनाई

**गेल्सनकिर्चेन (जर्मनी), एजेंसी।** स्पेन ने गुरूवार रात इटली को 1-0 से हराकर यूरो कप ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और साथ ही राउंड 16 में भी प्रवेश कर लिया। स्पेन को रिकार्डो कैलाफियोरी के दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल का भी फायदा मिला।

इटली को शुरुआत में संकट का सामना करना पड़ा जब बाएं विंग पर निको विलियम्स के कुशल खेल ने पेड्री के लिए हैडर सेट किया। हालाँकि, जियानलुइगी डोनारुम्मा ने गेंद को बार के ऊपर से बाहर निकालते हुए एक शानदार बचाव किया। विलियम्स ने स्वयं दसवें मिनट में एक बेहतर मौका गंवा दिया, जब गोल के सामने अचिह्नित रहते हुए हैडर को बाहर मार दिया।



स्पेन ने दबाव बनाना जारी रखा, जिससे अल्वारो मोराटा के कोणीय शॉट को रोकने के लिए डोनारुम्मा को फिर से एक्शन में आने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसके बाद इटालियन कीपर ने फैबियान रुइज़ के लंबी दूरी के प्रयास को नाकाम करने के लिए अपनी बायीं ओर तेजी से गोता लगाया। रुइज़ के बाद में एक और शॉट को एलेसेंड्रो बैस्टोनी ने रोक दिया। फ़ेडरिको डिमार्को द्वारा बाईं ओर से किए गए कुछ विशेष हमलों के अलावा, इटली को स्पेन के पेनल्टी क्षेत्र में घुसने के लिए संघर्ष करना पड़ा। जवाब में, लुसियानो स्पैलेटी ने हाफटाइम के समय ब्रायन क्रिस्टांटे और एंड्रिया कंबियासो को मैदान पर बुलाया। हालाँकि, इससे स्पेन के लगातार हमले नहीं रुके। यूरो 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, पेड्रि ने गतिरोध को लगभग फिर से तोड़ दिया, लेकिन उसने मार्क कुकुरेला के क्रॉस को बाहर मार दिया। आखिरकार, सफलता आ गई, हालाँकि एक अप्रत्याशित स्त्रोत से।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि यह कदम विलियम्स के साथ स्पेन के बाएं छोर से शुरू हुआ, हालांकि, उनके क्रॉस पर मोराटा ने फ्लिक कर दिया; डोनारुम्मा केवल हैडर पर उंगलियां ही लगा सके और गेंद कैलाफियोरी से रिबाउंड होकर गोल में चली गई। स्टॉपेज टाइम में स्पेन ने अपनी बढ़त लगभग बढ़ा ली थी, लेकिन डोनारुम्मा ने अयोज़ पेरेज़ को दो बार गोल करने से रोक दिया। आखिरकार स्पेन ने राउंड ऑफ़ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली।

हॉकी

## हॉकी इंडिया ने प्री-ओलंपिक शिविर के लिए किया भारतीय टीम का किया एलान


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को प्री-ओलंपिक शिविर के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का एलान कर दिया। यह शिविर 21 जून से 8 जुलाई तक यहां एसएआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा।



ओलंपिक में भारत को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय और आमिर अली शामिल हैं। मिडफील्डर्स के तौर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह और मोहम्मद राहील मौसीन को शामिल किया गया है।

वहीं, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंडल फॉरवर्ड हैं जिन्हें शामिल किया गया है। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन का मानना है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रो लीग मैच उनके लिए एक शानदार अनुभव था। उन्होंने कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।




# ऑस्ट्रेलिया की लगातार 5वीं जीत

n बांग्लादेश को DLS मेथड से 28 रन से हराया

## हैट्रिक लेकर कमिंस ने रचा इतिहास

**एंटीगुआ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने ICC टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 141 रन का टारगेट दिया।

जवाब ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए थे तभी बारिश की वजह से खेल रोक दिया गया। जो बाद में पूरा नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच DLS (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मेथड से 28 रन से जीत लिया।

टी-20 वर्ल्डकपः 2024 में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने हैट्रिक ली है. बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में अपने आखिरी के दो ओवरों में पैट कमिंस ने ये हैट्रिक पूरी की. पैट कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय को आउट कर टी-20 वर्ल्ड कप की अपनी पहली हैट्रिक ली.

बांग्लादेश की इनिंग के18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन का विकेट लिया. जबकि तौहीद हृदय को 20वें ओवर की पहली गेंद पर चलता कर हैट्रिक पूरी की. टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ली गई ये 7वीं हैट्रिक रही. वहीं, इस कामयाबी के साथ पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए.

### पैट कमिंस टी-20 वर्ल्डकप में हैट्रिक लेने वाले 7वें गेंदबाज

टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले कमिंस दुनिया के 7वें गेंदबाज हैं. सबसे पहले ये कारनामा ब्रेट ली ने किया था. उसके बाद 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के कर्टिस कैम्फर ने. 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में ही श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा और साउथ अफ्रीका के कैगिसो रबाडा के भी हैट्रिक देखने को मिले.

टी-20 वर्ल्डकपः इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान

# 7 रन पर झटके 3 विकेट फिर भी जसप्रीत बुमराह के साथ हुआ अन्याय?

**बारबाडोस, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम अब भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में एक भी मैच नहीं हारी है। भारत का अभियान ठीक पिछले साल हुए वनडे वर्ल्ड कप की तरह चल रहा है। टीम इंडिया ने 20 जून की रात को सुपर 8 के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 47 रन से हराया। भारत की इस जीत में अनुभवी तेज तर्रार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। जस्सी की धारदार गेंदबाजी ने एक बार फिर विरोधियों की लंका लगा दी। लेकिन इतनी शानदार गेंदबाजी करने के बाद भी जस्सी के साथ अन्याय हुआ?




जसप्रीत बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 1.75 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए महज 7 रन दिए और 3 विकेट झटके। इसके अलावा उन्होंने एक ओवर मेडिन भी डाला। जस्सी ने रहमानुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजई और नजीबुल्लाह जादरान का शिकार किया था। हालांकि इतने शानदार प्रदर्शन के बाद भी बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड नहीं मिला। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया, जिन्होंने 28 गेंद पर आक्रमक 53 रन ठोके थे। देखा जाए तो बल्लेबाजी में सूर्या की पारी और गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का स्पेल दोनों ही भारत की जीत के लिए अहम थे। लेकिन बुमराह ने जिस तरह से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरुआत में प्रेशर बनाया। वो तारीफ के काबिल था। बुमराह भी प्लेयर ऑफ द मैच बनने के उतने ही हकदार थे जितने सूर्यकुमार यादव।

### कुछ ऐसा रहा मैच का हाल

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर निर्धारित 20 ओवर में 181 रन ठोक डाले। रोहित शर्मा और विराट कोहली के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पंड्या (32) ने मोर्चा संभाला। अंत में अक्षर पटेल ने भी तेज गति से 12 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से **राशिद खान ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए थे:** 182 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान सिर्फ 134 रन पर ही ढेर हो गई। भारत की तरफ से 3-3 विकेट जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने झटके। 2 विकेट कुलदीप यादव को मिली। वहीं एक-एक सफलता अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के हाथ भी लगी।

# भारत के अर्जुन बने स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज के विजेता



**जेरमुक ,अर्मेनिया, एजेंसी।** भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और दुनिया के नंबर चार शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें अर्मेनिया में सम्पन्न हुए स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है, अर्जुन नें वैसे तो एक राउंड पहले ही खिताब जीतना सुनिश्चित कर लिया था पर औपचारिक तौर पर अर्जुन नें अंतिम राउंड में मेजबान अर्मेनिया के पेट्रोसियन मेनुएल से ड्रॉ खेलते हुए कुल 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , बड़ी बात यह रही ही दूसरे स्थान पर रहे तीनों खिलाड़ी सेवियन सैमुएल , अमीन तबातबाई और बोगदान डेनियल 5 अंक बनाकर अर्जुन से 1.5 अंक पीछे रहे ।

अर्जुन नें इस टूर्नामेंट के समापन के साथ ही अपनी लाइव रेटिंग को 2778 पर पहुंचा दिया है और अगर अब अर्जुन इस माह कोई और टूर्नामेंट नहीं खेलते है तो 1 जुलाई को वह दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी अधिकृत तौर पर बन जाएँगे और विश्वनाथन आनंद के बाद यह रेटिंग अंक हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन जाएँगे ।

इससे पहले स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज के आठवें राउंड में रूस के ग्रांड मास्टर मुरजिन वोलोदर को पराजित करते हुए एक राउंड पहले ही खिताब जीतना तय कर लिया था । अर्जुन नें आज सफ़ेद मोहरो से राय लोपेज ओपनिंग में शानदार एंडगेम दिखाया और मुरजिन को 63 चालों तक चले मुक़ाबले में पराजित किया ।

# ISSF के कोटा बदलाव को स्वीकार करने के बाद श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा कोटा बदलाव का आग्रह स्वीकार करने के बाद पेरिस ओलम्पिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में जोड़ दिया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चूंकि मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं दोनों के लिए क्वालीफाई किया है। इन में से एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाज के लिए निर्धारित है जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गयी। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा,÷हमने आईएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला से एक कोटा स्थान को ट्रैप महिला से बदलने का आग्रह किया था और हमें इसे मंजूर किये जाने पत्र प्राप्त हुआ है।इसके परिणामस्वरूप श्रेयसी सिंह को पहले से प्रकाशित 20 नामों की सूची से जोड़ दिया गया है।

श्रेयसी महिला ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी के साथ शुरुआत करेंगी। टीम में अब राइफल में आठ, पिस्टल में सात और शॉटगन स्पर्धा में छह सदस्य शामिल हैं। मिश्रित स्पर्धाओं को शामिल करते हुए, टीम अब खेल महाकुंभ में 28 जुलाई से शुरुआत करेगी।

कास्टिंग काउच लेकर ईशा का छलका दर्द बोलीं-

# एक बड़े स्टार ने कहा था बात मान लो या हार मान लो

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। ईशा कोप्पिकर ने बॉलीवुड में डेब्यू फिजा फिल्म से किया था। उन्होंने हिंदी फिल्मों के अलावा कई साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने कास्टिंग काउच को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने बॉलीवुड के काले सच को एक बार फिर से दुनिया के सामने रखा है।

### टाइपकास्ट का शिकार हुईं ईशा

ईशा कोप्पिकर आज भी अपने बोल्ड आइटम नंबर के लिए याद की जाती हैं। उनके चाहने वालों को आज भी इश्क समुंदर और खल्लास जैसे गाने याद हैं। हाल ही एक इंटरव्यू के दौरान जब ईशा से जब पूछा गया कि क्या उन्हें टाइपकास्ट कर दिया गया था। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, सच कहूं तो ऐसा कभी नहीं होता था कि निर्देशक आप से पूछते हों कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। अभिनेत्रियां क्या करेंगी ये अक्सर अभिनेता तय करते थे।

### बात मान लो या हार मान लो


ईशा कोप्पिकर ने आगे कहा, आपने मी टू के बारे में सुना है न उसमें सच्चाई है। अगर आपके पास संस्कार हैं तो बॉलीवुड में टिकना मुश्किल है। कई लड़कियों ने तो कास्टिंग काउच के डर से इंडस्ट्री छोड़ दी। लड़कियों से कहा जाता था या तो बात मान लो या हार मान लो। ऐसे बहुत कम लोग हैं जो अभी भी इंडस्ट्री में हैं और उन्होंने हार नहीं मानी है और मैं उनमें से एक हूं।



### निर्देशक गलत तरह से छूते थे

ईशा कोप्पिकर कास्टिंग काउच के बारे में बातें करते हुए कहती हैं, कई बार निर्माता-निर्देशक मिलने के लिए बुलाते थे और गलत तरीके से न सिर्फ छूते थे बल्कि हाथों को दबा कर कहते थे हीरो से दोस्ती करनी पड़ेगी। इतना ही नहीं एक बार एक बड़े हीरो ने मुझसे कहा था कि अकेले मिलने आना।

यहां तक कि अपने ड्राइवर को भी साथ नहीं लाना क्योंकि उस समय उनका नाम एक अन्य अभिनेत्री से जुड़ा था।



# सेट पर नखरे दिखाते हैं सेलेब्रिटीज रखते हैं 5-5 वैनिटी वैन: नवाज

एक तरफ जहां महंगी बजट वाली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में नाकाम हो रही हैं और बॉलीवुड में मंदी का दौर चल रहा है। ऐसे में प्रोडक्शन में बढ़ती लागत और कलाकारों की भरमार पर बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बोला है।

हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, यह आज से नहीं बहुत पहले से चल रहा है। आगे उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे भी सेलेब्रिटीज हैं जो सेट पर नखरे दिखाते हैं, कुछ तो ऐसे हैं जिनके पास 5 वैनिटी वैन है-खाने के लिए अलग, जिम जाने के लिए अलग और भी अलग-अलग कामों के लिए भी। ये पागलपन है भला कौन 5 वैनिटी वैन रखता है। दमदार अभिनय की बदौलत अपनी छवि बनाने वाले एक्टर ने कहा कि प्रोडक्शन के लिए भला कोई अभिनेता की फीस क्यों बढ़नी चाहिए, यह सरासर गलत है। इसके बजाय फिल्मों में पैसा लगाना चाहिए जो एक समझदारी भरा फैसला होगा। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मजाक भरे लहजे में कहा कि इन नवाबों के जितने शौक हैं उतने तो फिल्मी नवाबों के भी नहीं होंगे। अभिनेता ने कहा कि उनकी कोई ऐसी डिमांड नहीं है। वो कहते हैं मेरा मकसद सिर्फ अपने काम को सही तरीके से करना है और मैं कुछ नहीं चाहता, प्रोडक्शन के समय से पहले मैं खड़ा होता हूं शूट के लिए। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने सिनेमा की दुनिया में अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 1999 में फिल्म सरफरोश से की थी।

संद्भावना पाती

इंदौर, शनिवार 22 जून, 2024



# शिवराज बोले- योग दुनिया को भारत की अद्भुत देन

## सिंधिया ने कहा- यह आध्यात्मिक क्षमता का प्रतीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनियाभर में मनाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में योगाभ्यास किया। इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आग्रह किया कि लोग केवल योग दिवस के दिन ही योग न करें। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि योग भारत की आध्यात्मिक क्षमता का प्रतीक है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि योग स्वस्थ, सुखी और संपूर्ण जीवन जीने की कला और विज्ञान है। योग से केवल शरीर निरोग नहीं होता है। मन भी प्रसन्न होता है। बुद्धि भी प्रखर होती है। आत्मा भी परमात्मा की ओर बढ़ती है। यह भारत की दुनिया को अद्भुत देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने योग को संपूर्ण विश्व में पहुंचाया।





### योग भारत की आध्यात्मिक क्षमता: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत की जो झमता हैं। केवल आर्थिक और सामाजिक क्षमता नहीं। आध्यात्मिक क्षमता भी है। उस आध्यात्मिक क्षमता की श्रेणी में योग एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है। यह भारत की प्रचीनता और विशेषता को रेखांकित करता है। योग को अंतरराष्ट्रीय जगत पर उल्लेखनीय स्थान देना... यह प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प रहा है। हर वर्ष योग दिवस अंतरराष्ट्रीय जगत में मनाया जाता है।

सिंधिया ने कहा कि पिछले साल संयुक्त राष्ट संघ में 136 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के साथ योग दिवस मनाया था। यह केवल भारत की क्षमता का विषय नहीं है... बल्कि हमारे एक-एक व्यक्ति के अंदर शालीनता और शरीर में तंदुरूस्ती आए। आत्मा में शांति आए। यही सबसे बड़ी विशेषता है योग की। सिंधिया ने कहा कि भारत केवल अपने बारे में नहीं सोचता है। वह पूरी पृथ्वी के बारे में सोचता है। यही वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना है।

### हम विश्वगुरु हैं: सीवी आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, ÷विश्व ने योग के माध्यम से भारत को देखना शुरू कर दिया है। योग युद्ध के बजाय शांति की स्थापना करने के भारत के प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। हम विश्वगुरु हैं और योग के माध्यम से हम दुनिया तक पहुंच रहे हैं।

### पूरा विश्व आज योग का दीवाना: मप्र सीएम

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी देश और प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले संयुक्त राष्ट्र संघ से देश के गौरवशाली परंपरा के आधार पर योग का प्रस्ताव पारित कराया था। पूरा विश्व आज योग का दीवाना है।

### योग ने जीवन बदला: रामदेव

योग युगों-युगों से था और युगों-युगों तक रहेगा। मैं भी 50 सालों से योग कर रहा हूं। एक दशक से हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग से बहुत लोग रोग मुक्त और व्यसन मुक्त हुए हैं। योग ने जीवन बदला है।

### योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा: ओम बिरला

ओम बिरला ने कहा कि आज संपूर्ण दुनिया के अंदर भारत की संस्कृति, भारत का अध्यात्म और भारत का योग जोड़ने का काम कर रहा है। योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा है। योग हमारी आंतरिक ऊर्जा पैदा करता है। हमारी स्वास्थ्य चिंताओं को समाप्त करता है और कार्यकुशलता को बढ़ाता है। इसीलिए संपूर्ण दुनिया में आज योग की स्वीकारता है।

### योग जोड़ता है, तोड़ता नहीं: रविशंकर प्रसाद

मैं पटना नगर निगम को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमें सफाई कर्मचारियों के साथ योग करने का अवसर दिया। योग जोड़ता है, तोड़ता नहीं। योग संस्कार है, तिरस्कार नहीं। योग विश्वास है, योग ऊर्जा है। श्रीनगर में योग किया जा रहा है... इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है? यह अनुच्छेद 370 को हटाने की सफलता को दर्शाता है। मैंने सुना है कि पाकिस्तान में भी योग किया जाता है।

### अठावले ने देशवासियों से की योग करने की अपील

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि योग करने से शरीर मजबूत होता है। मन की शांति और शरीर को अच्छा बनाने के लिए योग की बहुत आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में योग दिवस मनाने का निर्णय लिया था। आज गांव-गांव और शहर-शहर में योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने देशवासियों से योग करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली बर्गर किंग मर्डर केस : यूएस में रची गई थी हत्या की साजिश, इस मिस्ट्री गर्ल का क्या था रोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के राजौरी गार्डन के रेस्तरां में ताबड़तोड़ फायरिंग कर अमन की हत्या करने के मामले में कई चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं। पुलिस को पता चला है कि छह-सात माह पहले अनु सोशल मीडिया के जरिये भाऊ गैंग के संपर्क में आई और गैंग के लिए हनीट्रैप का काम करने लगी। वहीं, यह भी पता चला है कि इस मर्डर की स्क्रिप्ट शक्ति के भाई निक्कू ने (अमेरिका) यूएस में लिखी थी। इस मामले में पश्चिमी जिला पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल सहित तमाम यूनिट आरोपियों की धर-पकड़ में जुटी हैं। उधर, गुरुवार को डीडीयू अस्पताल में अमन के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अनु वारदात से पहले जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो में चढ़ी और राजौरी गार्डन में उतरी। घटना के कुछ देर बाद तक रेस्तरां में रुकी। इसके बाद वह राजौरी गार्डन से शकूरपुर की ओर चली गई। वहां से वह कहां गई इसका पता नहीं चल पाया है। युवती की ये सारी गतिविधियां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं। सूत्रों ने बताया कि युवती ने पहले अमन को नॉर्थ कैंपस की तरफ मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन अमन ने दूर होने की बात कह कर कहीं और मिलने की बात कही थी। इसके बाद दोनों ने पश्चिमी दिल्ली के बर्गर किंग आउटलेट में मिलने की बात की।

### 50 पूर्व मंत्रियों और सांसदों को खाली करना होगा सरकारी बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 50 पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में स्थित सरकारी बंगला खाली करना होगा। ये वो लोग हैं जो हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव हार गए या फिर लड़े ही नहीं। पिछली लोकसभा के दौरान केंद्रीय आवास और शहरी मंत्रालय की ओर से इन्हें सरकारी बंगला मुहैया कराया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अब ऐसे नेताओं को अगले 2-3 हफ्तों में बंगले खाली करने होंगे। सूत्रों ने बताया कि बंगले खाली हो जाने के बाद उन्हें नए मंत्रियों और सांसदों को मुहैया कराया जाएगा। नियमों के मुताबिक, पुराने मंत्रियों और सांसदों को एक महीने के भीतर सरकारी बंगला खाली करना पड़ता है। जब ये लोग चुनाव हार जाते हैं और उनके पास न तो कोई मंत्रालय रहता है और न ही सांसदी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय आवास और शहरी मंत्रालय की ओर से ऐसे पूर्व मंत्रियों और सांसदों को नोटिस भेजा जा चुका है। इसमें उनसे सरकारी बंगला खाली कर देने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि हर एक लोकसभा चुनाव के बाद ऐसा करना सामान्य प्रक्रिया है। साथ ही, मंत्रिपरिषद में जब बदलाव होता है तब भी ऐसा किया जाता है। ऐसी उम्मीद है कि जिन लोगों को नोटिस भेजा गया है वो नए लोगों के लिए बंगला खाली कर देंगे।

### यूपी के 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 3 सीटें मांग सकती है कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी सपा व कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन के रूप में मैदान में आने की तैयारी में हैं। दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर जल्द बातचीत होने की संभावना है। माना जा रहा है कि कांग्रेस कम से कम तीन सीटों की मांग कर सकती है। विधानसभा की पांच सीटें तो सपा के कोटे की ही खाली हुई हैं। इनमें चार सीटें सपा विधायकों के लोकसभा सांसद चुने जाने की वजह से रिक्त घोषित हुई हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने की वजह से करहल, पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के अंबेडकरनगर से सांसद चुने जाने की वजह से कटेहरी, पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से सांसद चुने जाने की वजह से मिल्कीपुर सुरक्षित तथा जियाउर्रहमान बर्क के संभल से सांसद चुने जाने की वजह से कुंदरकी विधानसभा सीट रिक्त हुई है।

## ...तब तक चलता रहेगा मेरा अनशन, पानी सत्याग्रह से पहले आतिशी की कसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी पानी के मुद्दे पर अनशन करने जा रही हैं। आतिशी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करने के बाद दोपहर 12 बजे से अनशन पर बैठेंगी। आतिशी ने साफ किया है कि उनका यह अनशन तब तक चलता रहेगा जब तक हरियाणा से दिल्ली के हक का पानी नहीं मिल जाता है।

आतिशी ने शुक्रवार सुबह अपने एक्स हैंडल से कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या बरकरार है और इसलिए वह अनशन करने जा रही हैं। आतिशी ने कहा, दिल्ली में पानी की कमी बरकरार है। आज भी 28 लाख दिल्ली वालों को पानी नहीं मिल रहा। हर संभव प्रयास के बाद भी हरियाणा सरकार दिल्ली को पूरा पानी नहीं दे रही। आतिशी ने कहा कि महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर पानी सत्याग्रह करेंगी।




आतिशी ने साफ किया कि पानी मिलने तक उनका अनशन जारी रहेगा। आतिशी ने कहा, महात्मा गांधी ने सिखाया है कि अगर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना हो, तो सत्याग्रह का रास्ता अपनाना होगा। आज से पानी सत्याग्रह शुरू करूंगी। सुबह 11 बजे राजघाट जाऊंगी और गांधी जी को श्रद्धांजलि दूंगी। 12 बजे से भोगल, जंगपुरा में अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत करूंगी। जब तक दिल्ली वालों को हरियाणा से अपने हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक अनशन पर रहूंगी।

गौरतलब है कि भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में करीब एक महीने से पानी का संकट बना हुआ है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि हरियाणा से यमुना में पानी की आवक कम कर दी गई है। वहीं, हरियाणा सरकार का दावा है कि निर्धारित मात्रा में दिल्ली को पानी दिया जा रहा है और इसमें किसी तरह की कमी या रुकावट नहीं की गई है। भाजपा का आरोप है कि लीकेज और टैंकर माफिया की वजह से दिल्ली में पानी की किल्लत है।

## इंजीनियरिंग ड्रॉपआउट बन गया बड़ा ठग, ऑनलाइन निवेश के बहाने करता था फ्रॉड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक इंजीनियरिंग ड्रॉपआउट छात्र को 7.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ गृह मंत्रालय के पोर्टल पर 12 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं।



पुलिस ने गुरुवार को कहा कि 34 वर्षीय बीटेक ड्रॉपआउट को ऑनलाइन निवेश के बहाने एक व्यक्ति से 7.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के खाते में 7.35 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला। आरोपी की पहचान अंकित गुप्ता के रूप में हुई है। गृह मंत्रालय के पोर्टल पर उसके खिलाफ 12 शिकायतें दर्ज हैं।

दिल्ली पुलिस के दक्षिण-पश्चिम पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने कहा कि धन सिंह नेगी नामक एक व्यक्ति ने 26 अप्रैल को एनसीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि 10 अप्रैल को एक महिला के संपर्क में आया। उसने उसके साथ कुछ घंटे बिताए और ज्यादा आय अर्जित करने का लालच दिया। डीसीपी ने कहा कि शिकायतकर्ता को एक ऑनलाइन मैसेजिंग ऐप ग्रुप में जोड़ा गया। निवेश और अच्छे रिटर्न के नाम पर उससे 7.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। जांच के दौरान अंकित गुप्ता को 13 जून को उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से गिरफ्तार किया गया।

गुप्ता ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके नाम पर चार फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कराई और लोगों को धोखा देने के लिए बैंक खाते खोले। उसका दिल्ली निवासी साथी अभी भी फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। गुप्ता ने गाजियाबाद के एक कॉलेज में बीटेक कंप्यूटर साइंस का कोर्स बीच में ही छोड़ दिया। डीसीपी मीना ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी से बिजनौर, झांसी और दिल्ली के तीन साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामलों का निपटारा हो गया है।

## निखिल गुप्ता के परिवार ने न्याय के लिए भारत सरकार से मांगी मदद, अमेरिका ने लगाया है पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में एक सिख आतंकवादी की हत्या के लिए भारत सरकार के एक अधिकारी के साथ मिलकर साजिश रचने के आरोपित निखिल गुप्ता का परिवार न्याय पाने के लिए नई दिल्ली की मदद चाहता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने निखिल गुप्ता पर सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की असफल साजिश रचने का आरोप लगाया है। पन्नू एक अमेरिकी नागरिक है और पंजाब में एक संप्रभु सिख राज्य का समर्थन करता है। अमेरिका सरकार का दावा है कि उसने हत्या की साजिश को विफल कर दिया था। अमेरिका ने भारत को भी अपनी चिंता से अवगत कराया था। निखिल गुप्ता के पारिवारिक सूत्रों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि यह हमारे परिवार के लिए चिंता का विषय है कि हमें उनके प्रत्यर्पण के बारे में अंधेरे में रखा गया। अमेरिका में उनके प्रत्यर्पण के बाद से हम उनसे सीधे संपर्क नहीं कर पाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें भारत सरकार और उसके दूतावासों से पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के बावजूद, वह एक भारतीय नागरिक और देशभक्त हैं, जो सरकार द्वारा अपने नागरिकों को दिए गए अधिकारों और सुरक्षा के हकदार हैं।

## ब्रान के अंतिम संस्कार पर पत्रकारों ने जताया विरोध, शव को मुख्य राजमार्ग पर रखकर किया प्रदर्शन



**लाहौर, एजेंसी।** पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारे गए पाकिस्तानी पत्रकार खलील जिब्रान का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। दफनाने से पहले पत्रकारों के एक समूह ने उनके शव के साथ मुख्य राजमार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि बीते मंगलवार को खलील जिब्रान को तहसील लंडी कोटल के मजरीना इलाके में उनके घर के पास गोली मारी गई थी। वह साजिद नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ एक वाहन में यात्रा कर रहे थे, जो हमले में घायल हो गया था। वाहन में कुछ खराबी थी, इसलिए उन्होंने उसे रोक दिया। तभी हमलावर आए और जिब्रान को कार से बाहर निकालकर गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। जिब्रान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साजिद को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, खलील जिब्रान को स्थानीय टीवी चैनल खैबर न्यूज से जुड़े होने के कारण पहले भी आतंकवादियों से धमकियां मिल चुकी थीं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सरदार अली अमीन गंदापुर ने हत्या की निंदा की।

## हम कुछ तय नहीं कर सकते, भारत-पाकिस्तान को लेकर ऐसा क्यों बोला अमेरिका

**वाशिंगटन , एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के रिश्ते जग जाहिर हैं। दोनों देशों में तनातनी चलती रहती है। इस बीच दोनों के संबंध को लेकर अमेरिका का बयान सामने आया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत-पाकिस्तान को एक खास सलाह दी है।

**सीधी बातचीत का किया समर्थन:** अमेरिकी प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ये बातचीत का क्या दायरा और गति होगी ये भारत और पाकिस्तान द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए, न कि अमेरिका द्वारा। मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

**वार्ता हम पर निर्भर नहीं÷ मिलर:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल हासिल करने के लिए बधाई दिए जाने और विशेषज्ञों द्वारा दोनों प्रधानमंत्रियों में शांति प्रक्रिया शुरू करने की क्षमता होने पर अमेरिका की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने ये बयान आया है। मिलर ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को महत्व देते हैं, लेकिन उन दोनों में बातचीत उन्हीं पर निर्भर है।



**शहबाज ने दी थी बधाई, पीएम ने दिया था ये जवाब:** बता दें कि 10 जून को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेंद्र मोदी को पीएम पद की शपथ लेने पर बधाई दी थी। को तीसरी बार पदभार ग्रहण करने पर मेरी हार्दिक बधाई। हाल के चुनावों में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। आइए हम नफरत की जगह उम्मीद लाएं और दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों की नियति को आकार देने के अवसर का लाभ उठाएं।÷

नवाज शरीफ के बधाई संदेश के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह उनके संदेश की सराहना करते हैं और उन्होंने कहा कि भारत के लोग हमेशा शांति, सुरक्षा और प्रगतिशील क्षेत्रों के पक्ष में खड़े रहे हैं।

## हमास को खत्म करना नामुमकिन, इजरायली सेना ने नेतन्याहू को दे दी टेंशन

**येरुशलम, एजेंसी।** गाजा में युद्धविराम को लेकर अब इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और सेना के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। एक तरफ नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाएगा, गाजा में युद्ध नहीं रुकेगा। वहीं इजरायली डिफेंस फोर्स के अधिकारियों का कहना है कि हमास को खत्म करना नामुमकिन है। बता दें कि नेतन्याहू ने कई बार कहा है कि हमास को खत्म करना ही उनका लक्ष्य है। हालांकि उन्होंने यह कभी स्पष्ट नहीं किया कि हमास के खात्म के बाद गाजा पर किसका अधिकार होगा। इजरयाली सेना के प्रवक्ता रियर ऐडमिरल डेनियल हागरी ने बुधवार को एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि हमास को कभी खत्म नहीं किया जा सकता। यह एक विचारधारा है। जो लोग सोचते हैं कि यह एकदम से खत्म हो जाएगा, वे गलत हैं। उन्होंने कहा, हम केवल यही कर सकते हैं कि हमास को रिप्लेस किया जाए जो कि गाजा पट्टी में अधिकार करे। लेकिन यह कौन हो सकता है? यह फैसला राजनीतिक नेतृत्व को ही करना है। इस बयान के बाद नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से भी बयान जारी किया गया और कहा कि गाजा में युद्ध तभी खत्म होगा जब हमास पूरी तरह नेस्तनाबूत हो जाएगा। पूर्ण विजय ही युद्धविराम का रास्ता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से कहा गया कि हमास की सैन्य और प्रशासनिक क्षमताओं को नष्ट करना ही हमारा लक्ष्य है और आईडीएफ भी इसके लिए प्रतिबद्ध है।

## जबरदस्त बारिश भी नहीं तोड़ पाई योग करने वालों का हौसला

### जापान में भारतीय दूतावास में दिखा अनोखा नजारा

**टोक्यो एजेंसी।** आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार लोगों की योग करते हुए फोटोज सामने आ रही है। वहीं जापान में भारतीय दूतावास ने यहां त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया, जिसमें राजनयिकों और भारतीय प्रवासियों सहित देश भर से लोगों की भागीदारी देखी गई। बता दें कि देश में भारी बारिश के बीच टोक्यो में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

योग दिवस को लेकर भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया। पोस्ट में लिखा गया, जापान में बारिश या धूप का योग। उन्होंने आगे लिखा, 10वें अंतरराष्ट्रीय दिवस का जश्न, त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में जापानी नेतृत्व, राजनयिकों, योग के प्रति उत्साह और जापान में भारत के दोस्तों की जबरदस्त भागीदारी देखी गई।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेश किया था योगा का प्रस्ताव?

दिसंबर 2014 में, संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए भारत की तरफ से संचालित एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाया।यह प्रस्ताव सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महासभा के 69वें सत्र के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में पेश किया था।

### क्यों मनाया जाता है योग दिवस?

2015 से, योग को लेकर लोगों के अंदर जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। बता दें कि वैश्विक स्तर पर, विदेशों में दूतावास और भारतीय मिशन भी योग के व्यापक प्रभाव को दर्शाते हुए समारोह में शामिल हो रहे हैं। इस साल ये 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है और इसे स्वयं और समाज के लिए योग थीम के तहत मनाया जा रहा है।योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। योग शब्द संस्कृत से लिया गया है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है।



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक:- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पता:-एच. 21 अकिंत अपार्टमेंट ब्रजेश्वरी एनएक्स, इंदौर मध्यप्रदेश मो:- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।